www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

मौसम

अधिकतम तापमान 34.c

27.c न्यूनतम तापमान

बाजार

सोना 90.450g

चांदी 91.500 kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

2 अस्मिता और उन्नयन का कालखंड, दुनिया में पहचाना जा रहा उत्तर प्रदेश

आध्यात्मिक शिविर में दी गई ईश्वर की सच्ची पहचान 04

वर्ष :08 | अंक :273 | मुंबई ,बुधवार , 26 मार्च , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### सुरक्षा बल को बड़ी सफलताः मुठभेड़ में मारा गया झीरम हमले का मास्टर माइंड श्याम उर्फ चैतू, 25 लाख का है इनामी

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में मंगलवार को सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए अभियान में 25 लाख रुपये के इनामी शीर्ष कमांडर समेत तीन नक्सली मारे गए। दंतेवाड़ा और बीजापुर जिलों की सीमा पर स्थित जंगल में सुबह करीब 8 बजे मुठभेड़ शुरू हुई, जब सुरक्षाकर्मियों की एक टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। दंतेवाड़ा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) गौरव राय ने बताया कि दंतेवाड़ा और बीजापुर जिलों के इलाकों में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बल नक्सल विरोधी अभियान पर निकले थे। मुठभेड़ के बाद सर्च ऑपरेशन के दौरान शीर्ष कमांडर सुधीर समेत तीन नक्सलियों के शव मौके से बरामद किए गए। साथ ही आग्नेयास्त्र भी बरामद किए गए। सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ स्थल से एक इंसास राइफल, .303 राइफल, 12 बोर राइफल और अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद की। प्रारंभिक तौर पर एक नक्सली की पहचान तेलंगाना के वारंगल जिले के निवासी डीकेएसजेडसीएम (दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी सदस्य) सुधीर उर्फ सुधाकर उर्फ मुरली के रूप में हुई।

### रिश्वत मामले में एनएचएआई के जीएम समेत तीन अन्य को सीबीआई ने किया गिरफ्तार

**करीब 1.18 करोड़ रुपये नकद बरामद**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के महाप्रबंधक और तीन निजी व्यक्तियों को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया। उन्हें 15 लाख रुपये की रिश्वत लेते ही पकड़ लिया गया। सीबीआई के एक बयान के अनुसार, एनएचएआई के आरोपी महाप्रबंधक राम प्रीत पासवान ने कथित तौर पर एनएचएआई के अनुबंधों/कार्यों से संबंधित बिलों के प्रसंस्करण और पारित करने में अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए 15 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। इस मामले से जुड़ी तलाशी लेने पर सीबीआई को 1.18 करोड़ रुपये की नकदी (लगभग) बरामद हुई। सीबीआई ने पटना, मुजफ़्फ़रपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय, पूर्णिया, रांची और वाराणसी में आरोपियों के आवासीय और आधिकारिक परिसरों में तलाशी ली। सीबीआई ने 22 मार्च को एनएचएआई के मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक (जीएम)/अन्य वरिष्ठ रैंक के छह लोक सेवकों, एक निजी कंपनी, निजी कंपनी के चार वरिष्ठ प्रतिनिधियों, जिसमें इसके दो जीएम, एक अन्य निजी ठेकेदार और अज्ञात अन्य लोक सेवक और निजी व्यक्ति शामिल हैं, सहित 12 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

# लोकसभा से फाइनेंस बिल पास

## टीएमसी सांसद ने कृषि मंत्री को दलाल कहा; कांग्रेस ने रिजिजू के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया

**उद्देश्य**

▶▶ वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त विधेयक, 2025 पर बहस का जवाब देते हुए कहा कि 2025-26 का केंद्रीय बजट घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने और निर्यात प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने के उद्देश्य से है।

एजेंसी

नई दिल्ली , बजट सत्र के दौरान मंगलवार को लोकसभा से फाइनेंस बिल 35 संशोधनों के साथ पास हो गया। वहीं, तृणमूल कांग्रेस सांसदों ने संसद परिसर में प्रदर्शन किया। सांसद केंद्र पर पश्चिम बंगाल को मनरेगा के लिए मिलने वाला फंड रोकने का आरोप लगा रहे थे। इस दौरान टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कृषि मंत्री शिवराज चौहान को दलाल कहा। बनर्जी ने कहा- शिवराज बंगालियों के खिलाफ हैं। वे गरीबों के लिए कुछ नहीं कर रहे। शिवराज अमीरों के दलाल हैं। उन्होंने मध्य प्रदेश के गरीबों के लिए काम नहीं किया इसलिए सीएम पद से हटा दिए गए। उधर कांग्रेस ने लोकसभा में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया। पार्टी ने कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार पर गलत बयान देकर सदन को गुमराह करने का आरोप लगाया। नए आयकर बिल पर मानसून सत्र में चर्चा होगी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में बताया कि नए आयकर बिल पर मानसून सत्र में चर्चा होगी। बिल अभी सेलेक्ट कमेटी के पास है। कमेटी को अगले सत्र के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट देनी है। मौजूदा कानून में 819 धाराएं हैं जबकि नए कानून में सिर्फ 536 धाराएं होंगीं। चैप्टर भी 47 से घटकर 23 रह जाएंगे।



### प्रियंका गांधी समेत केरल के विपक्षी सांसदों ने मनरेगा मुद्दे पर विरोध- प्रदर्शन किया



कांग्रेस की प्रियंका गांधी वाड्रा समेत केरल के विपक्षी सांसदों ने संसद में मनरेगा के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया. कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी कुछ देर के लिए विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए. कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपा ने कहा, 'मनरेगा अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अगर काम की मजदूरी 15 दिन से अधिक देरी से मिली है, तो उन्हें ब्याज दिए जाने का प्रावधान होना चाहिए. दुर्भाग्य से केरल के सभी इलाकों में मनरेगा मजदूरों को उनका वेतन नहीं मिल रहा है. इस पर केंद्रीय मंत्री की ओर से कोई ठोस जवाब नहीं आया है. केंद्र सरकार इस योजना को खत्म करने की कोशिश कर रही है.'

### हाईकोर्ट जज मामले को लेकर बैठक सार्थक होगी और हम कोई रास्ता निकाल लेंगेः जगदीप धनखड़

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा, 'निस्संदेह यह मुद्दा काफी गंभीर है. हम तीनों ने मिलकर घटनाक्रम पर ध्यान दिया और इस पर भी ध्यान दिया कि पहली बार मुख्य न्यायाधीश ने सब कुछ सार्वजनिक डोमेन में रखने की पहल की, लेकिन फिर विपक्ष के नेता की ओर से एक सुझाव आया. सदन के नेता ने इस पर सहमति जताई कि इस मुद्दे पर मेरे कहने पर सदन के नेताओं के साथ विचार-विमर्श करने की आवश्यकता है. मैंने विपक्ष के नेता के सुझाव और सदन के नेता की सहमति के अनुसार सदन के नेताओं के साथ आज शाम 4.30 बजे बैठक निर्धारित की है. मुझे यकीन है कि हमारी बातचीत बहुत ही सार्थक होगी और हम कोई रास्ता निकाल लेंगे.'



# सीएम रेखा गुप्ता ने पेश किया एक लाख करोड़ का बजट

## महिला सुरक्षा, पीने का पानी, यमुना की सफाई पर बड़े ऐलान, बुजुर्गों और स्टूडेंट्स का भी रखा ख्याल

रेखा गुप्ता ने कहा कि हममें और उनमें (आप) बहुत फर्क है। आपने (आप) वादे किए, हम उन्हें पूरा करेंगे। आपने दूसरे राज्यों की सरकारों को गाली दी, हम सद्भाव स्थापित करेंगे और साथ मिलकर काम करेंगे।

एजेंसी

नई दिल्लीः दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विधानसभा में एक लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया. करीब सवा 2 घंटे के इस बजट में बीजेपी के संकल्प पत्र की झलक देखने को मिली है. बतौर वित्त मंत्री रेखा गुप्ता ने अगले 5 साल में दिल्ली के विकास का रोडमैप साझा किया. उन्होंने कहा कि आज दिल्ली के लिए ऐतिहासिक दिन है क्योंकि अब दिल्ली में विकास होने वाला है. उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और दिल्ली में पीने के पानी के लिए करोड़ों रुपये के बजट का ऐलान किया. इसके अलावा महिला सुरक्षा पर इस बजट में खास फोकस दिखा. वहीं महिला समृद्धि योजना के लिए 5100 करोड़ का बजट रखा गया है. इसके अलावा पीने के पानी के लिए 9000 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है. दिल्ली में एक इंटीग्रेटेड ग्रीन कमांड एंड कंट्रोल सेंटर बनाया जाएगा. जहां वायु गुणवत्ता, पानी की स्थिति, शोर और कचरा प्रबंधन जैसे पर्यावरणीय मुद्दों पर नजर रखी जाएगी. रेखा गुप्ता ने कहा कि हममें और उनमें (आप) बहुत फर्क है। आपने (आप) वादे किए, हम उन्हें पूरा करेंगे।

आपने दूसरे राज्यों की सरकारों को गाली दी, हम सद्भाव स्थापित करेंगे और साथ मिलकर काम करेंगे। आपने शीश महल बनाए, हम गरीबों के लिए घर बनाएंगे।



- प्रदूषण कंट्रोल के लिए कदम
- दिल्ली की फायर सिस्टम को मजबूत करने पर फोकस
- किसानों को हर साल 9000 रुपये देगी दिल्ली सरकार
- बेघर लोगों को वोकेशनल ट्रेनिंग देगी सरकार, 5 करोड़ के फंड का प्रावधान
- दिल्ली बजट में स्वास्थ्य के लिए बड़े ऐलान

# हम हिंदी स्वीकार नहीं करेंगे', विधानसभा में बोले मुख्यमंत्री एमके स्टालिन

## मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु द्विभाषी नीति को नहीं छोड़ेगा और वह अपनी मातृभाषा की रक्षा करेंगे.

### हम नीति नहीं छोड़ेंगे'

तमिलनाडु सरकार विधानसभा के सदस्यों द्वारा दो-भाषा नीति पर व्यक्त किए गए विचारों से सहमत है. तमिल और अंग्रेजी हमारी दो-भाषा नीति है. इसमें कोई बदलाव नहीं है. यह हमारी विजन नीति भी है. चाहे जितनी भी आलोचना की जाए, हम अपनी जीवन नीति नहीं छोड़ेंगे. मैं विधानसभा में फिर से दोहरा रहा हूं कि हम नीति नहीं छोड़ेंगे

एजेंसी

चेन्नईः तमिलनाडु विधानसभा में मंगवार को त्रिभाषी नीति पर पेश किए गए विशेष प्रस्ताव पर बहस का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु द्विभाषी नीति को नहीं छोड़ेगा. बहस के अंत में सीएम स्टालिन ने कहा कि द्विभाषी नीति के बारे में बात करते समय बीजेपी को छोड़कर सभी विपक्षी सदस्यों ने अपनी भावनाएं व्यक्त कीं.उन्होंने ने कहा, हमने दृढ़ता से कहा है कि तमिलनाडु सरकार किसी भी कारण से तीन-भाषा नीति को स्वीकार नहीं करेगी. जब एआईएडीएमके सदन उपाध्यक्ष ने बात की, तो उन्होंने कहा कि हम सभी दो भाषाओं के पक्ष में हैं. विपक्ष के नेता आज सुबह दिल्ली गए हैं. वह किससे मिलने जा रहे हैं ? मैं यहां इस अनुरोध कर रहा हूं कि जब वह नेताओं से मिलें तो दो-भाषा नीति पर जोर दें."हम हिंदी स्वीकार नहीं करेंगे'



मुख्यमंत्री ने कहा कि भले ही वे हमें धमकी दें कि अगर हम हिंदी स्वीकार नहीं करेंगे तो हम पैसे नहीं देंगे, लेकिन मैंने विरुधाचलम में आयोजित समारोह के मंच पर, जहां हजारों शिक्षक एकत्रित हुए थे, अपना वादा दृढ़ता से दोहराया है कि हम कोई पैसा नहीं लेंगे और हम मातृभाषा की रक्षा करेंगे।

# महिलाओं-व्यापारियों को परेशान करने वालों का स्वागत करेंगे यमराज

## अपराधियों को सीएम योगी की सीधी चेतावनी

सीएम योगी दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर में आयोजित 'भारतीय योग परंपरा में योगीराज बाबा गंभीरनाथ का योगदान' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को टोका-टोकी करने वालों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि अगर कोई महिलाओं या व्यापारियों को परेशान करने की कोशिश करेगा तो उसे 'यमराज' का सामना करना पड़ेगा। सीएम योगी दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर में आयोजित 'भारतीय योग परंपरा में योगीराज बाबा गंभीरनाथ का योगदान' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर शहर अब स्मार्ट सिटी बन गया है। सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए उचित कदम उठाए जा रहे हैं...'अगर किसी ने किसी बेटी और व्यापारी को छेड़ा तो वो (सीसीटीवी कैमरे) हमें अपराध के लिए यमराज के घर जाने का भी एक रास्ता खोल देता है।' आदित्यनाथ ने आगे कहा कि पिछले 10 सालों में भारत बदल गया है और हर कोई हमारे देश में आना चाहता है। उन्होंने कहा कि अगर आप इस ब्रह्मांड के रहस्यों के बारे में जानना चाहते हैं, तो भारत के उपनिषद इसका सबसे बड़ा भंडार हैं। यह हमारी समस्या थी कि हमने खुद को इससे (उपनिषदों) दूर कर लिया। परिणाम हमारे सामने हैं। हम उस दुनिया के पीछे भागने लगे जो हमारे पीछे भागती थी। पिछले 10 सालों में हमने बदलते भारत को देखा है...अब, हर कोई भारत आना चाहता है



# विपदा सरकार ने दिल्ली को दिया हवा-हवाई बजट

## आतिशी का भाजपा पर तंज, काम कम, जुमले ज्यादा

▶▶ आप नेता ने आगे कहा कि इस बजट ने बीजेपी की नीयत भी सामने ला दी है। 1. सरकारी स्कूलों को ठप करना 10 साल में पहली बार हुआ है, जब शिक्षा का बजट 20% से भी कम कर दिया, ताकि सरकारी स्कूल बर्बाद हो जाए।

एजेंसी

दिल्ली सरकार के बजट को लेकर आम आदमी पार्टी भाजपा पर हमलावर हो गई है। पूर्व सीएम और विपक्ष की नेता आतिशी ने एक्स पोस्ट में लिखा कि भाजपा की विपदा सरकार ने दिल्ली को हवा-हवाई बजट दिया। उन्होंने लिखा कि 1 लाख करोड़ के बजट का कोई आर्थिक आधार नहीं है, वरना छुपाने की जरूरत क्यों पड़ती मैं रेखा गुप्ता जी को चैलेंज देती हूं- आंकड़े सार्वजनिक करें। दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा। आप नेता ने आगे कहा कि इस बजट ने बीजेपी की नीयत भी सामने ला दी है। 1. सरकारी स्कूलों को ठप करना 10 साल में पहली बार हुआ है, जब शिक्षा का बजट 20% से भी कम कर दिया, ताकि सरकारी स्कूल बर्बाद हो जाए। 2. मुफ्त इलाज बंद करना 10 साल में पहली बार स्वास्थ्य का बजट घटकर 13% तक कर दिया गया, ताकि गरीबों का फ्री इलाज बंद हो जाए।



# 'इस बेचारी का क्या है, पति हटा तो सीएम बनाया'

## राबड़ी देवी के साथ फिर हो गई सीएम नीतीश की तीखी नोकझोंक

बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे अपने पूर्व सहयोगी द्वारा इस लोकलुभावन कदम का श्रेय लेने के प्रयास से स्पष्ट रूप से नाराज थे और उन्होंने एमएलसी में से एक को खड़ा कर दिया ताकि बैज और उस पर लिखे नारे स्पष्ट रूप से देखे जा सकें।

एजेंसी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विधान परिषद की नेता राबड़ी देवी के बीच मंगलवार को विधानसभा में आरक्षण के मुद्दे पर फिर तीखी नोकझोंक हुई। गौरतलब है कि नीतीश कुमार की यह नोकझोंक तब हुई जब आरजेडी एमएलसी पार्टी के झंडे के रंग हरे रंग के बैज पहनकर सदन पहुंचे और नारे लगाए कि राज्य में वंचित जातियों के लिए कोटा तेजस्वी सरकार द्वारा बढ़ाया गया था और भाजपा के सत्ता में वापस आने के बाद इसे चुरा लिया गया। राजद सुप्रीमो के बेटे और उत्तराधिकारी तेजस्वी यादव उपमुख्यमंत्री थे, जब 2023 में पारित कानूनों के माध्यम से कोटा बढ़ाया गया था, जिसे हालांकि, कुछ महीनों बाद पटना उच्च न्यायालय ने रद्द कर दिया था। बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे अपने पूर्व सहयोगी द्वारा इस लोकलुभावन कदम का श्रेय लेने के प्रयास से स्पष्ट रूप से नाराज थे और उन्होंने एमएलसी में से एक को खड़ा कर दिया ताकि बैज और उस पर लिखे नारे स्पष्ट रूप से देखे जा सकें। मीडिया गैलरी की ओर देखते हुए, सत्तर वर्षीय सीएम ने कहा, बस इस तमाशे को देखो। आप इसे केवल इस पार्टी में ही देख सकते हैं। राबड़ी देवी अपनी पार्टी के उपहास के विरोध में खड़ी हुईं, लेकिन कुमार ने बिहारी भाषा में टिप्पणी करते हुए कहा, आप बस इससे दूर रहें। पार्टी आपकी नहीं बल्कि आपके पति की है। हाल ही में परिषद में नीतीश कुमार और राबड़ी देवी के बीच कुछ बार वाकयुद्ध देखने को मिला है।



# सुरक्षा बल को बड़ी सफलता

## मुठभेड़ में मारा गया झीरम हमले का मास्टर माइंड श्याम उर्फ चैतू, 25 लाख का है इनामी

▶▶ मुठभेड़ के बाद सर्च ऑपरेशन के दौरान शीर्ष कमांडर सुधीर समेत तीन नक्सलियों के शव मौके से बरामद किए गए। साथ ही आग्नेयास्त्र भी बरामद किए गए। सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ स्थल से एक इंसास राइफल, .303 राइफल, 12 बोर राइफल और अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद की।

एजेंसी

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में मंगलवार को सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए अभियान में 25 लाख रुपये के इनामी शीर्ष कमांडर समेत तीन नक्सली मारे गए। दंतेवाड़ा और बीजापुर जिलों की सीमा पर स्थित जंगल में सुबह करीब 8 बजे मुठभेड़ शुरू हुई, जब सुरक्षाकर्मियों की एक टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। दंतेवाड़ा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) गौरव राय ने बताया कि दंतेवाड़ा और बीजापुर जिलों के इलाकों में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बल नक्सल विरोधी अभियान पर निकले थे। मुठभेड़ के बाद सर्च ऑपरेशन के दौरान शीर्ष कमांडर सुधीर समेत तीन नक्सलियों के शव मौके से बरामद किए गए। साथ ही आग्नेयास्त्र भी बरामद किए गए।



**मांग** सोनिया और राहुल को करना चाहिए खुलासा', बीजेपी की मांग

# गांधी परिवार से क्वात्रोची का क्या संबंध?

एजेंसी

नयी दिल्ली। बोफोर्स मुद्दे पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भाजपा नेता गौरव भाटिया ने मांग की कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी को क्वात्रोची परिवार के साथ अपने संबंधों का पूरा खुलासा करने तक अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए, जब तक कि वे क्वात्रोची परिवार के साथ अपने संबंधों का पूरा खुलासा नहीं कर देते। देश के नागरिकों के लिए वे कम से कम इतना तो कर ही सकते हैं। भाजपा नेता ने दावा किया कि 1984-1988 के बीच इटली में भारत के राजदूत ने बयान दिया है कि (पूर्व प्रधानमंत्री) राजीव गांधी मुख्य सूत्रधार थे, और उनके (व्यापारी) ओटावियो क्वात्रोची के साथ बहुत करीबी संबंध थे। तत्कालीन उअऋ ने कहा कि प्रतिस्पर्धी तोपों के मूल्यांकन में गंभीर खामियां थीं। उन्होंने शुरूआत में कहा कि आज की ये प्रेसवार्ता कांग्रेस में भ्रष्टाचार है, दलाली है और गांधी परिवार केवल कमीशनखोरी करता है, ये जगजाहिर है। लेकिन इसके साथ जो तथ्य सामने आए हैं, उससे ये कहना भी गलत नहीं होगा कि नकली गांधी परिवार देश के साथ गद्दारी भी करता है, ये नागरिकों के साथ गद्दारी करता है। गौरव भाटिया ने कहा कि एक लेखक हैं चित्रा सुब्रमण्यम जी, उनकी एक किताब आई है और इस किताब में जो तथ्य सामने आए हैं वो बेहद ही चिंताजनक हैं। ये तथ्य पुनः उजागर करते हैं कि चाहे वो राजीव गांधी हों या सोनिया गांधी, ये दलाली भी करेंगे और देश के साथ गद्दारी भी करते हैं। उन्होंने कहा कि बोफोर्स की दलाली, राजीव गांधी और सोनिया गांधी के दामन पर एक ऐसा दाग है जो कभी नहीं मिटेगा। लेकिन जो तथ्य अब सामने आए हैं, उससे राष्ट्र सुरक्षा को लेकर कुछ सवाल हम उठाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बोफोर्स घोटाले में इतालवी व्यवसायी तावियो क्वात्रोची की मुख्य भूमिका थी। उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी और सोनिया गांधी के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए रखे और खुलेआम दावा किया कि वे कंपनियों के लिए सरकारी अनुबंध हासिल कर सकते हैं। क्वात्रोची के पास भारतीय प्रधानमंत्री से पहले ही प्रमुख रक्षा सौदों से जुड़ी गोपनीय सरकारी फाइलों तक पहुंच थी। राजीव गांधी के कार्यकाल के दौरान, क्वात्रोची ने विशिष्ट कंपनियों के पक्ष में बदलाव किए और अनुबंध हासिल किए, जिसमें राजीव गांधी ने इन बदलावों में मदद की।



भाजपा नेता ने दावा किया कि 1984-1988 के बीच इटली में भारत के राजदूत ने बयान दिया है कि (पूर्व प्रधानमंत्री) राजीव गांधी मुख्य सूत्रधार थे, और उनके (व्यापारी) ओटावियो क्वात्रोची के साथ बहुत करीबी संबंध थे। तत्कालीन सीएजी ने कहा कि प्रतिस्पर्धी तोपों के मूल्यांकन में गंभीर खामियां थीं।

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर व्याख्यान देने का कोई अधिकार नहीं :हिमंत बिस्वा

## हिमंत बिस्वा सरमा ने कांग्रेस पर कसा तंज



एजेंसी

नयी दिल्ली। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को कांग्रेस पार्टी की आलोचना करते हुए कहा कि उसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर व्याख्यान देने का कोई अधिकार नहीं है। विधानसभा में उनकी यह टिप्पणी कांग्रेस विधायकों द्वारा डिप्टी स्पीकर नुमाल मोमिन पर कथित हमले के बाद आई है। सरमा ने कहा, कांग्रेस को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर किसी को व्याख्यान देने का कोई अधिकार नहीं है। कल असम विधानसभा में उनके विधायकों ने डिप्टी स्पीकर, एक वरिष्ठ आदिवासी नेता पर सिर्फ. इसलिए हमला किया क्योंकि वे उनके ऋडए से सहमत नहीं थे। यह घटना मुंबई में कुणाल कामरा के हाल ही में किए गए स्टैंड-अप प्रदर्शन पर विवाद के बाद हुई है, जहां कांग्रेस ने भाजपा और शिवसेना सहित उसके सहयोगियों को 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' के मुद्दे पर घेरा था। मोमिन ने दावा किया कि सोमवार को सदन में प्रवेश करते समय कांग्रेस विधायकों ने उन पर माओवादी शैली में हमला किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस विधायक नूरुल हुदा और अन्य ने प्रवेश द्वार को अवरुद्ध कर दिया और उन्हें धक्का दिया।

- मोमिन ने दावा किया कि सोमवार को सदन में प्रवेश करते समय कांग्रेस विधायकों ने उन पर माओवादी शैली में हमला किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस विधायक नूरुल हुदा और अन्य ने प्रवेश द्वार को अवरुद्ध कर दिया और उन्हें धक्का दिया।

## सम्पादकीय

### रुपये के गिरने-चढ़ने का मतलब, डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर को राजनीतिक मुद्दा बनाना बंद करना होगा

हमें डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर को राजनीतिक मुद्दा बनाना बंद करना होगा। हमें इस मामले में केवल तभी चिंता करनी चाहिए जब रुपया अचानक तेजी से गिर जाए जो स्वतंत्र भारत में कभी नहीं हुआ है। हमें रुपये को अर्थव्यवस्था के परिदृश्य पर अपना स्वाभाविक रास्ता खुद तय करने देना चाहिए और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर अधिक ध्यान दें। बीते कुछ दिनों से रुपये की गिरावट थमी है और वह डॉलर के मुकाबले मजबूत हुआ है। उम्मीद है कि इससे उसकी गिरावट से चिंतित लोगों को राहत मिली होगी और उसे लेकर शुरू हुई बहस थमेगी, लेकिन यह ध्यान रहे कि रुपये के मूल्य में गिरावट का एक दीर्घकालिक इतिहास है। 1947 में इसकी विनिमय दर प्रति डॉलर 3.30 रुपये थी, जो 1980 में गिरकर 7.8 रुपये, 1990 में गिरकर 17.01 रुपये और 2000 तक आर्थिक उदारीकरण के बाद यह और गिरकर 43.50 रुपये हो गई।फिर एक दशक बाद 2010 में यह 46 रुपये पर थी और 2020 में गिरकर 71 रुपये पर पहुंच गई। सितंबर 2021 से इसकी विनिमय दर 73 रुपये प्रति डॉलर से बढ़कर बीते दिनों 87 से अधिक हो गई। रुपये में गिरावट एक राजनीतिक मुद्दा रहा है। जो भी विपक्ष में होता है, वह रुपये के गिरन के लिए सरकार को ही दोषी ठहराता है, लेकिन रुपये में गिरावट के इन सभी दशकों के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था उल्लेखनीय रूप से बढ़ी।हमें यह सोचना बंद करना होगा कि रुपये में गिरावट का मतलब अर्थव्यवस्था का कमजोर होना है। गिरते रुपये का राष्ट्रीय गौरव से भी कोई संबंध नहीं है। एक राष्ट्र की अर्थव्यवस्था इससे कहीं ज्यादा जटिल होती है। जब कोई देश दुनिया के साथ व्यापार करता है तो उसकी मुद्रा की विनिमय दर का इस व्यापार पर गहरा असर होता है।रुपये के गिरने का मतलब है कि भारत के निमार्ताओं को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी वस्तुओं को बेचना आसान होगा, क्योंकि वे इन्हें डॉलर में बेचेंगे, लेकिन उनकी लागत रुपये में होगी। यही बात आइटी जैसी सेवा क्षेत्र की कंपनियों पर भी लागू होगी, जो अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों को सेवा देती हैं। अधिक निर्यात का मतलब रोजगार के बेहतर अवसर सृजित होना है।रुपये की कम कीमत भारत आने वाले पर्यटकों को भी बढ़ावा देती है। यह विदेश में काम करने वाले भारतीयों द्वारा अपने घर भेजे जाने वाले पैसे या वेतन के मूल्य को भी बढ़ाता है, लेकिन रुपये में गिरावट का आयात पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा तथा वह और महंगा हो जाएगा।भारत सबसे अधिक आयात पेट्रोलियम पदार्थों का करता है, जिसकी मांग स्थिर रहती है और कीमत के साथ नहीं बदलती। इसी तरह हम सोने का भी आयात करते हैं, जिसकी कीमतें पहले से ही ऊंची हैं।

## आज का विचार

अगर आप ऐसा सोचते हैं
कि मुझमे कोई कमी नही है
तो आप मे बहुत बडी कमी हैं
क्योंकि ऐसा कोई नही जिसमें
कोई कमी ना हो

भारत संवाद



## राशिफल

**मेष राशि :** आपके लिए समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा. नौकरी में आपको किसी नए पद की प्राप्ति होगी. माता-पिता का आपको पूरा सहयोग मिलेगा. आपको कार्य क्षेत्र में प्रमोशन आदि मिलने की संभावना है.

**वृषभ राशि :** आपके लिए अपने आवश्यक कामों पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा. आप अपने कामों को निपटाने की कोशिश करें. रोजगार की तलाश में इधर-उधर भटक रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है. व्यापार में यदि कुछ बाधाएं आ रही थी, तो वह भी दूर होगी.

**मिथुन राशि:** आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है. पारिवारिक जीवन में चल रही समस्याओं से छुटकारा मिलेगा. आपका कोई डूबा हुआ धन आपको मिल सकता है. आपकी अपने भाई व बहनों से आपकी खुब पटेगी, लेकिन आप किसी लॉटरी आदि में इन्वेस्टमेंट ना करें.

**कर्क राशि:** आपके लिए समस्याओं भरा रहने वाला है. आपकी इन्कम तो बढ़ेगी, लेकिन उसके लिए आपको मेहनत मशक्कत अधिक करनी होगी. आपको अपने आसपास रह रहे विरोधियों को पहचानने की आवश्यकता है. प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा.

**सिंह राशि :** अपने धन संबंधित मामलों पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा. आपके खर्च बढ़ने से आपकी आर्थिक स्थिति डगमगा सकती हैं. व्यावसायिक योजना को गति मिलेगी.

**कन्या राशि :** किसी नए घर के खरीदारी के लिए अच्छा रहेगा. आपकी कोई प्रिय वस्तु यदि खो गई थी, तो उसके आपको मिलने की संभावना है. प्रेम व सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी. पारिवारिक समस्याओं को आप मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करेंगे.

**तुला राशि :**सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा. आपको समय को ध्यान में रखकर कामों को करना होगा. राजनीति मे आपको बिना सोचे समझे आगे बढ़ना होगा. जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगी.

**वृश्चिक राशि :** आनंदमय रहने वाला है. परिवार में किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है. आपको किसी भी काम को भाग्य के भरोसे नहीं छोड़ना है. बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद कल आप पर बना रहेगा. कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ाने का आपको मौका मिलेगा.

**धनु राशि :** सभी काम पूरे होंगे. आप अपनी आर्थिक स्थिति को लेकर यदि परेशान थे, तो आपको अकस्मात धन लाभ मिलने से आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी.

**मकर राशि :**परोपकार के कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए रहेगा. आप अपने कामों को लेकर सामाजस्य दिखाएं. संतान आपके कामों में आपका पूरा साथ देगी और आपको जिम्मेदारी देंगी, तो उसे भी आसानी से पूरा करेगी.

**कुंभ राशि:** व्यस्तता भरा रहने वाला है. आपको किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखने की आवश्यकता है और लंबे समय से यदि कोई काम रुका हुआ था, तो उसे पूरा करने के पूरे कोशिश करें. परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी.

**मीन राशि :**कठिनाइयाओ भरा रहने वाला है. आप किसी प्रॉपर्टी के खरीदारी करते समय हस्ताक्षर बहुत ही देखभाल कर करें. आप पर कार्यक्षेत्र में कोई झूठा आरोप लगा सकता है. आपको अपनी कमियों को दूर करके अपने कामों में आगे बढ़ना होगा. जल्दबाजी के कारण आपसे कोई गलती हो सकती है, इसलिए आप अपने कामों पर पूरा ध्यान दें. जीवन साथी के साथ मिलकर आप संतान के करियर को लेकर कोई बड़ा डिसीजन ले सकते हैं.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# अस्मिता और उन्नयन का कालखंड, दुनिया में पहचाना जा रहा उत्तर प्रदेश

> यूपी में 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयों ने युवाओं को जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर बनाने का युगांतरकारी कार्य किया है। वर्ष 2016 में प्रदेश की बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत थी जो अब तीन प्रतिशत है। निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के जरिये विभिन्न आयोगों एवं भर्ती बोर्ड द्वारा साढ़े आठ लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली।

पा अटल जी की पंक्ति है, अपनी ध्येय-यात्रा में हम कभी रुके नहीं, किसी चुनौती सम्मुख, कभी झुके नहीं...। इसी ध्येय के साथ बिना रुके, बिना थके, बिना डिगे, बिना झुके वंचितों को वरीयता देते हुए 25 करोड़ प्रदेश वासियों की सेवा, सुरक्षा और समृद्धि को समर्पित कर्तव्य साधना के आठ वर्ष कब पूर्ण हो गए, आभास ही नहीं हुआ।इन आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने राज्य के प्रति धारणा बदलने में सफलता प्राप्त की है। कभी बीमारू राज्य कहा जाने वाला उत्तर प्रदेश आज व्यवसाय एवं निवेश का सर्वश्रेष्ठ ठिकाना बनकर देश और दुनिया में पहचाना जा रहा है। उत्तर प्रदेश आज ग्रोथ गियर है। हमें विरासत में अराजकता, अव्यवस्था और अपराध के अंधकार में डूबा हुआ प्रदेश मिला था।ऐसे राज्य को सुरक्षित परिवेश, मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर, सुगम कनेक्टिविटी और उद्यम अनुकूल नीतियों द्वारा निवेशकों का ड्रीम डेस्टिनेशन बनाने में हम लोग सफल रहे। विगत आठ वर्षों में प्रदेश को प्राप्त हुए 45 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव इसकी पुष्टि करते हैं। इनमें से 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारा जा चुका है।इनके माध्यम से 60 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी तथा अन्य लाखों लोगों हेतु रोजगार का सृजन हुआ है। स्थापित सत्य है कि सुरक्षा के सुपथ पर ही विकास कुलांचे भरता है और सुगम कनेक्टिविटी उसे तीव्रता प्रदान करती है। नया उत्तर प्रदेश उसका जीवंत उदाहरण है।महान चिंतक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने



कहा था कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का विकास ही अंत्योदय है। प्रधानमंत्री मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार की हर योजना में यह भाव श्वास लेता है। यही कारण है कि बीते आठ वर्षों में प्रदेश सरकार ने छह करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने में सफलता प्राप्त की है।प्रदेश के 15 करोड़ निर्धनों को प्रतिमाह निःशुल्क अनाज, 1.86 करोड़ से अधिक परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन, 2.86 करोड़ से अधिक किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 5.21 करोड़ लाभार्थियों को पांच लाख रुपये तक का चिकित्सा सुरक्षा कवच, 56.50 लाख से अधिक परिवारों को निःशुल्क आवास जैसे अनेक कल्याणकारी उपहारों ने प्रदेश के करोड़ों नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाया है।सभी को आवास के संकल्प की सिद्धि के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के हर उस लाभार्थी को आवासीय पट्टा अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया गया है, जिनके पास भूमि नहीं थी। ऐसा करने वाला उत्तर प्रदेश देश का प्रथम राज्य है। यही तो है अंत्योदय।आजादी से लेकर 2017 तक प्रदेश में 12 मेडिकल कालेज थे। आज राज्य में 44 राजकीय मेडिकल कालेज और 36 निजी मेडिकल कालेजों सहित 80 मेडिकल कालेज संचालित हैं। गोरखपुर और रायबरेली में एम्स का संचालन आरंभ हो गया है। एक जनपद-एक मेडिकल कालेज की संकल्पना उत्तर प्रदेश में साकार हो रही है।खुशहाल किसान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश में 122 चीनी मिलें क्रियाशील हैं। मार्च, 2017 से अब तक तीन नई चीनी मिलों की स्थापना हुई है। छह चीनी मिलों का पुनसंर्चालन तथा 38 चीनी मिलों का क्षमता विस्तार हुआ है, जिससे लगभग 1.25 लाख लोगों को प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हुआ है। आठ वर्षों में 46.50 लाख गन्ना किसानों को 2,80,223 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है।मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, पी.एम.स्वनिधि योजना जैसी अनेक कल्याणकारी योजनाएं मातृशक्ति के जीवन में सकारात्मकता का सवेरा लेकर आई हैं। ग्रामीण क्षेत्र की 95 लाख से अधिक महिलाओं को ग्रामीण आजीविका मिशन से जोड़ने के साथ ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों को 2,510 उचित मूल्य की दुकानों का आवंटन, ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) घर की महिला के नाम आदि जैसी रचनात्मक पहल नारी शक्ति के जीवन में सम्मान और आर्थिक प्रगति का प्रतीक हैं।प्रदेश में 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयों ने युवाओं को जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर बनाने का युगांतरकारी कार्य किया है। वर्ष 2016 में प्रदेश की बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत थी जो अब तीन प्रतिशत है। निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के जरिये विभिन्न आयोगों एवं भर्ती बोर्ड द्वारा साढ़े आठ लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली।इनमें से 1.38 लाख से अधिक महिलाएं हैं। परीक्षाओं के शुचितापूर्ण आयोजन के लिए उ.प्र. सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) कानून लागू किया गया है, जिससे छात्रों के मन में व्यवस्था के प्रति विश्वास जागा है। आठ वर्ष हमारी आस्था, अस्मिता, आर्थिकी और सांस्कृतिक चेतना के उन्नयन का ऐतिहासिक कालखंड है।इसी दौरान हम सभी ने शताब्दियों की प्रतीक्षा, पीढ़ियों के संघर्ष के बाद सकल आस्था के केंद्र, भारत के प्राण प्रभु श्री रामलला को उनके पावन मंदिर में पुनः विराजमान होते हुए देखा। हम भव्य-दिव्य काशी विश्वनाथ कारिडोर के निर्माण के साक्षी हैं। महाकुंभ का भव्य दिव्य आयोजन, श्री अयोध्या धाम का विकास, काशी का कायाकल्प और मथुरा-वृंदावन का सुंदरीकरण, दीपोत्सव, रंगोत्सव का आयोजन विगत आठ वर्षों के प्रयासों का सुफल हैं।बीते आठ वर्षों में एक भी नया टैक्स नहीं लगाया गया। प्रदेश में डीजल-पेट्रोल दरें देश में सबसे कम हैं। इसके बाद भी उत्तर प्रदेश राजस्व सरप्लस स्टेट के रूप में समृद्धि के नए सोपान चढ़ रहा है। इस सफलता के पीछे रामराज्य की अवधारणा ही है।प्रदेश की विकास यात्रा में मेरे साथ हर नागरिक सहभागी है। मेरे लिए किसान केवल अन्नदाता नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के अग्रदूत हैं। हमारा लक्ष्य विकसित उत्तर प्रदेश है। प्रदेश को देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था ही नहीं बनाना है, बल्कि 25 करोड़ प्रदेश वासियों के सपनों को भी साकार करना है।

# चुनौती बनता ठोस कचरे का निपटान

विजय गर्ग

बढ़ती जनसंख्या के साथ यह समस्या आम है कि उपयोग में लाई गई वस्तुओं को जब कचरे में बदलते हैं, तो फिर उनका क्या होता है? ठोस अपशिष्ट ऐसी ही चुनौतियों में शुमार है। इससे अनेक खतरे भी हैं। वैश्विक ताप में वृद्धि से दुनिया जूझ ही रही थी कि अब ठोस अपशिष्ट भी नई-नई शक्लो-सूरत में मुंह चिढ़ा रहा है। भारत में हरित विकास की अवधारणा अभी जोर नहीं पकड़ पाई है, जबकि दूसरी ओर ठोस कचरा तेजी पसर रहा है। नतीजा यह कि दुनिया एक नई समस्या की ओर बढ़ चली है। भारत में सालाना छह करोड़ बीस लाख टन कचरा उत्पन्न होता है। इसमें प्लास्टिक और चिकित्सीय जैव कचरा भी शामिल है। इसके अतिरिक्त खतरनाक अपशिष्ट उत्पादन लगभग अस्सी लाख टन है और पंद्रह लाख टन ई- कचरा भी एक बड़ी समस्या है।

अब यह भी समझना होगा कि आखिर ठोस कचरा होता क्या है। घर, ,कारोबार, उद्योग, संस्थाओं और कृषि से निकलने वाले बेकार या अवांछित ठोस या अर्ध ठोस पदार्थों को ठोस अपशिष्ट कहते हैं। ठोस अपशिष्ट में कई तरह पदार्थ शामिल होते हैं, जैसे कागज, प्लास्टिक, कांच, कार्डबोर्ड, खाद्य अपशिष्ट, उपकरण और निर्माण अपशिष्ट आदि । इसके अलावा, चिकित्सा जैव अपशिष्ट यानी अस्पतालों से निकलने वाला अपशिष्ट इलेक्ट्रानिक अपशिष्ट (ई-कचरा) मसलन, बैटरी, कंप्यूटर और मोबाइल फोन जैसी बेकार वस्तुएं। निर्माण स्थलों का मलबा, ,जिसमें ईंटें, सीमेंट और लकड़ी समेत रेडियोधर्मी अपशिष्ट जिसमें रेडियोधर्मी पदार्थ होते हैं जो गैस, तरल या ठोस रूप में हो सकते हैं।

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनइपी) की वैश्विक अपशिष्ट प्रबंधन रपट 2024 के अनुसार, जैसे-जैसे देश अमीर होते जाते हैं,



उद्योगीकरण और शहरीकरण की दर, आवास और खपत में वृद्धि होती है। यह अपशिष्ट 2030 तक ढाई अरब सवा तीन अरब टन और 2050 तक से अधिक तथा 2040 अन पौने चार अरब टन हो सकता है। आंकड़ों के 1 के मुताबिक, प्रति व्यक्ति ठोस कचरा उत्पादन में उत्तर अमेरिका अव्वल है, जबकि कुल ठोस अपशिष्ट के मामले में पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशिया पहले नंबर पर है। वैसे बीते ते कुछ वर्षों के आंकड़ों में चीन को विश्व स्तर पर सबसे अधिक प्रदूषक के पहचाना गया है। चीन ने पिछले पंद्रह वर्षों में ठोस कचरे के संग्रह और प्रसंस्करण के बुनियादी ढांचे और सेवाओं में बड़े पैमाने पर निवेश किया है।

वर्ष 2022 में 175 देशों ने प्लास्टिक उत्पादन, उपयोग और निपटान से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिए 2024 तक प्लास्टिक प्रदूषण पर कानूनी रूप से बाध्यकारी समझौता विकसित करने पर सहमति व्यक्त की है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि ठोस अपशिष्ट धरती को एक नए नुकसान की ओर धकेल रहा है। स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी अपनी जगह हैं। मसलन, ठोस कचरा हवा और पानी में हानिकारक रसायन छोड़ सकता है, जिससे मस्तिष्क क्षति और कैंसर जैसी स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। ठोस कचरे को अनुचित तरीके से संभालने से चोट लग सकती है। ठोस अपशिष्ट जल आपूर्ति को दूषित कर सकता है, हवा को प्रदूषित कर सकता है और भूमि को भी खराब कर सकता है। इतना ही नहीं, इसके खराब प्रबंधन से हैजा, मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियां फैल सकती हैं। ठोस कचरे का अनुचित निपटान जलवायु संकट बढ़ा सकता है। खतरनाक कचरे में पेंट, सालवेंट, 'आटोमोटिव' अपशिष्ट, कीटनाशक और पारायुक्त अपशिष्ट शामिल हैं। खतरनाक पदार्थ विस्फोट कर सकते या आग लगने का कारण बन सकते हैं और कुछ मनुष्यों या पर्यावरण में विषाक्त प्रभाव पैदा सकते हैं। उपभोक्ता उत्पाद और उनकी 'पैकेजिंग' में भी कुछ रसायन मात्रा में पाए जाते हैं। संयुक्त राज्य पर्यावरण संरक्षण एजंसी की 2023 की रपट में भी ऐसे ठोस अपशिष्ट के खतरों से आगाह किया गया है। कार्बनिक प्रदूषक चिंता का कारण हैं, क्योंकि ये हवा और पानी से लंबी दूरी तक चले जाते हैं। ठोस अपशिष्ट कई ऐसी बीमारियों का भी कारण हैं जिन्हें पहचानना शायद अभी बाकी है। वहीं अपशिष्ट न्यूनीकरण और अपशिष्ट प्रबंधन में कम निवेश हुआ है। भारत वर्तमान में स्वच्छ भारत मिशन के हिस्से के में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर लगभग सात हजार 366 खर्च कर देश भर में अपशिष्ट प्रबंधन पहल के लिए आबंटित समग्र कार्यक्रम बजट का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। 'नेचर जर्नल' के अनुसार भारत सालाना नब्बे लाख तीस हजार टन उत्सर्जन कर दुनिया में सबसे बड़े प्लास्टिक प्रदूषक के रूप में शीर्ष पर है। यह वैश्विक प्लास्टिक उत्सर्जन का लगभग पांचवां हिस्सा है। जाहिर है, यह भारत के लिए चिंता का विषय है।

ठोस अपशिष्ट दुनिया के लिए चुनौती है। मगर इनमें कुछ आर्थिक अवसर भी छिपे हैं। अनुमान के मुताबिक भारत द्वारा अपनाई गई चक्रीय अर्थव्यवस्था से 40 लाख करोड़ रुपए का वार्षिक लाभ हो सकता है। आवश्यक संसाधनों की प्राप्ति समेत कई संदर्भों में यह रोजगार का एक जरिया भी बना हुआ। कबाड़ से करोड़ों बनाने की अवधारणा को भी ठोस अपशिष्ट में देखा जा सकता है। रोजमर्रा की जिंदगी के बीच कचरा बीनने वाले को देखा जाना आम है। इसमें बच्चों से लेकर बड़े तक शामिल हैं। स्पष्ट है कि ठोस अपशिष्ट नुकसान के साथ कई लोगों के लिए रोजी-रोटी है। है। बावजूद इसके अपशिष्ट प्रबंधन के समाधान का रास्ता खोजा ही जाना चाहिए। अकेले शहरी भारत में प्रतिदिन लगभग डेढ़ करोड़ टन ठोस अपशिष्ट उत्पन्न होता है। मगर देखा जाए तो भारत में अपशिष्ट प्रबंधन कानून और नीतियां जिस सक्रियता के साथ लागू होनी चाहिए, वह अभी भी मजबूत धरातल नहीं बना पा रही हैं। यह सच है कि भारत में उचित निपटान और पुनर्चक्रण के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम है। ई-अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2022 इलेक्ट्रानिक कचरे को संभालने के लिए है, जिसे दो नवंबर, 2022 को अधिसूचित किया गया। इसके अलावा बैटरी अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2022 भी हमारे यहां है, जिसके अंतर्गत अपशिष्ट बैटरियों का पर्यावरण के प्रबंधन सुनिश्चित किया जाता है।

# आत्म गौरव से उपजा स्वाधीनता का स्वर

संजीव ठाकुर

करीबन आठ सौ से हजार वर्षों की परतंत्रता के बाद अनेक जीवन का बलिदान देने और विभिन्न संघर्षों के बाद हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई है। इस संघर्ष से प्राप्त स्वतंत्रता को हमें देश की एकता, अखंडता एवं सामाजिक समरसता की शक्ति से चिरकाल तक स्थाई रूप से बनाए रखना है। अब कभी स्वतंत्रता पर खतरा ना आए यह हमारे देश के दिग्दर्शकों को अपनी कर्मठ जिजीविषा से बनाए रखना होगा। स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद हमारी एकता, अखंडता एवं एकरूपता मजबूत हुई है, पर कतिपय राजनैतिक मंसूबों के कारण आज हम सांप्रदायिकता, क्षेत्रीयता, जातीयता और अलग-अलग भाषाओं के संघर्षों से गुजर रहे हैं। हम आज मंदिर ,मस्जिद, गुरुद्वारा और चर्च के विवाद को लेकर विवाद ग्रस्त हो जाते हैं । कभी हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, पंजाबी, मराठी,तेलगु, और कभी असमी भाषा के असमंजस में फंस कर एक दूसरे का विरोध जताना शुरू कर देते हैं। मूलतः हमें राष्ट्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए सांप्रदायिकता के विद्वेष, ईर्ष्या, जलन और सीमा तथा भाषाई विवाद से परे हटकर देश में अखंडता, सांप्रदायिक सद्भावना का एक शुद्ध वातावरण समाज में तैयार करना होगा, जिसके फलस्वरूप हम विकास की मुख्यधारा में अपना व्यक्तिगत योगदान राष्ट्र के प्रति दे संके। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी ने कहा था कि ₹भारत संपूर्ण विश्व में एक अकेला ऐसा राष्ट्र है जहां मंदिरों ,मस्जिदों, गिरजाघरों और गुरुद्वारों का एक एकात्मक सह अस्तित्व कायम है।वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर आतंकवाद शांति सद्भावना एवं किसी भी राष्ट्र की अखंडता एकता एकरूपता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। आतंकवादी कभी अमेरिका और कभी भारत के दिल्ली, मुंबई और अनेक प्रदेशों को अपना निशाना बनाकर आतंक फैलाने का प्रयास करते हैं और आतंकवाद ने कई राज्यों में अपार जनहानि तथा संपत्ति की क्षति पहुंचाई है। इसके अतिरिक्त अलगाववादियों ने भी राष्ट्रीय एकता अखंडता को भंग करने का पुरजोर प्रयास किया है। राजनीतिक पार्टियों के मंसूबों तथा उनकी महत्वाकांक्षाओं के कारण भी अलग-अलग जातियों संप्रदाय तथा पूजा के पवित्र स्थानों को लेकर समाज को अलग करने का बीजारोपण भी किया है। राजनीतिक पार्टियों के चंद राजनेता वोट बैंक बनाने के लिए कभी अल्पसंख्यकों में अलगाव के बीच बोलने का प्रयास करते हैं। कभी आरक्षण के नाम पर पिछड़े वर्गों को देश की मुख्यधारा से बहकाने का प्रयास करते हैं, और कभी किसी विशेष जाति प्रांत या भाषा के हकदार बन कर देश की एकता, अखंडता को खंडित करने का पुरजोर प्रयास करते हैं। यह अत्यंत निंदनीय एवं चिंतनीय सामाजिक पहलू है, जिस संदर्भ में हमें गहन विचार करने की आवश्यकता भी है। सामाजिक स्तर पर हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई एवं अन्य वर्ग सुचारू रूप से भाईचारे में अखंड विश्वास रखते हैं एवं सामान्य जीवन करने में विश्वास रखते हैं। पर राजनैतिक मंसूबों के कारण कुछ राजनेता इन सभी संप्रदायों को आपस में लड़वाकर अपना उल्लू सीधा करने का प्रयास करते हैं। पर यह एक अत्यंत विचारणीय पहलू है कि राष्ट्रीय अखंडता एकता तथा सहयोग को बनाए रखने के लिए केवल राजनेता या प्रशासनिक अधिकारियों का कार्य न होकर हम सबका यह कर्तव्य भी है कि हमें एकजुट होकर राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को सदैव बनाए रखने का सतत प्रयास करना चाहिए। हम यदि ऐतिहासिक रूप से देखें की अनेक धर्मो जातियों और अनेक भाषाओं वाला भारत देश पूर्व में अनेक विसंगतियां के बावजूद सदैव एकता के सूत्र में बंधा रहा है। भारत देश में पूर्व में भी अनेक विदेशी जातियां आई

## आदित्य और उद्धव ठाकरे...दिशा सालियान के पिता ने पुलिस में करवाई एफआईआर

● वकील ने दिशा सालियान की मौत की नए सिरे से जांच और शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे से पूछताछ की मांग की। सुशांत सिंह राजपूत की मौत पर केंद्रीय जांच ब्यूरो की क्लोजर रिपोर्ट पर दिशा सालियान के पिता के वकील ने कहा कि रिपोर्ट का कानून के सामने कोई महत्व नहीं है और अदालत अभी भी संज्ञान ले सकती है और आगे की जांच का आदेश दे सकती है।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः सेलिब्रिटी मैनेजर दिशा सालियान के पिता ने मंगलवार को पुलिस आयुक्त और संयुक्त आयुक्त के समक्ष लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसमें महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे, अधिकारियों और बॉलीवुड अभिनेताओं पर 2020 में उनकी मौत में शामिल होने का आरोप लगाया गया। सालियान के पिता के वकील द्वारा प्रस्तुत शिकायत के अनुसार, आदित्य ठाकरे कथित तौर पर इस मामले को छुपाने में शामिल थे। वकील नीलेश ओझा ने आरोप लगाया कि मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह ने भी कथित कवर-अप में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने शिकायत में अभिनेता डिनो मोरिया और सूरज पंचोली का नाम भी लिया। उन्होंने एएनआई से कहा कि आज हमने सीपी ऑफिस में लिखित शिकायत (एफआईआर) दर्ज कराई है और जेसीपी क्राइम ने इसे स्वीकार कर लिया है...आरोपी हैं आदित्य ठाकरे, डिनो मोरिया, सूरज पंचोली और उनके अंगरक्षक परमबीर सिंह; सचिन वाजे और रिया चक्रवर्ती सभी इस एफआईआर में आरोपी हैं। परमबीर सिंह इस मामले को कवर-अप करने के मुख्य मास्टरमाइंड थे। उन्होंने आदित्य ठाकरे को बचाने के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और झूठ गढ़ा। सभी विवरण एफआईआर में हैं। एनसीबी के जांच पत्र से साबित होता है कि आदित्य ठाकरे एक ड्रग कारोबार में शामिल थे

## मुंबई पुलिस के सामने पेश नहीं हुए कुणाल कामरा, समन पर हाजिरी के लिए मांगा समय

कॉमेडियन कुणाल कामरा मंगलवार को मुंबई पुलिस के समन पर खार पुलिस स्टेशन में उपस्थित नहीं हुए। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के ऊपर टिप्पणी करने के बाद विवादों में घिरे कुणाल कामरा ने पुलिस से समन पर उपस्थित होने के लिए सात दिन का समय मांगा है।



● कॉमेडियन कुणाल कामरा को मुंबई पुलिस का समन
● कुणाल कामरा ने पेश होने के लिए समय की मांग की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर टिप्पणी करने के बाद विवादों में घिरे कॉमेडियन कुणाल कामरा ने पुलिस के समन पर जवाब दिया है। कुणाल कामरा ने पुलिस के सामने पेश होने के लिए एक हफ्ते का समय मांगा है। मुंबई पुलिस ने सोमवार को कुणाल कामरा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। जिसे बाद में खार पुलिस स्टेशन ट्रांसफर किया गया था। शिंदे के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोपों का सामना कर रहे कुणाल कामरा को पुलिस ने मंगलवार को समन जारी किया था। यह समन उन्हें व्हाट्सअप से भेजा गया था। पुलिस के समन पर कामरा ने पेश होने के लिए अब सात दिन का समय मांगा है। पुलिस ने कामरा को 25 मार्च को ही पेश होने को कहा था।कहां हैं कुणाल कामरा ?कुणाल कामरा के तमिलनाडु में होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। वह पिछले साल खेती करने के उद्देश्य से पुडुचेरी में शिफ्ट हुए थे। तब कुणाल कामरा ने कहा था कि बिना खेती किए किसानों की तकलीफों को नहीं समझा जा सकता है। 23 मार्च को मुंबई के खार इलाके में स्थित 'द यूनिकॉन्टिनेंटल में नया भारत नाम से एक शो शूट किया था। इसे कुणाल कामरा ने 23 मार्च को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 45 मिनट के इस शो की एक क्लिप डाली थी। इसमें कुणाल कामरा ने महाराष्ट्र की राजनीति पर कमेंट किया था और मौजूदा डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर पैरोडी सांग बनाया था। इसके सामने आने के बाद शिवसेना के कार्यकर्ता भड़क गए थे।कब क्या हुआ ?इसके बाद शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने जिस स्टूडियो में इस शूट किया गया था। उसे तोड़ दिया था। इसके साथ ही पुलिस में शिकायत दी थी। शिवसेना की तरफ से पुलिस को दो शिकायतें दी गई थी। एक शिकायत मुरजी पटेल और दूसरी राहुल कनल ने दी थी। इसके बाद कुणाल कामरा के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने पूरे मामले पर कहा था कि इस बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके बाद स्टूडियों में बीएमसी का एक्शन सामने आया था। पुलिस ने मंगलवार को एक समन भेजा था। कामरा ने पुलिस के सामने उपस्थित होने के लिए सात दिन का समय मांग लिया है।

फास्ट ट्रैक

## पश्चिम रेलवे ने वर्ष 2024-25 में 507 करोड़ रुपये से अधिक की रिकॉर्ड स्क्रैप बिक्री हासिल की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे ₹मिशन जीरो स्क्रैप₹ के अंतर्गत अपने सभी रेलवे प्रतिष्ठानों और इकाइयों को स्क्रैप मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। पश्चिम रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 507.78 करोड़ रुपये की स्क्रैप बिक्री का लक्ष्य हासिल किया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पश्चिम रेलवे ने 21 मार्च, 2025 को स्क्रैप बिक्री में 500 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर लिया है। पश्चिम रेलवे ने अब तक स्क्रैप बिक्री से कुल 507.78 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है, जो रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य की तुलना में लगभग 27% अधिक है। इसके साथ ही पश्चिम रेलवे भी उत्तर रेलवे, दक्षिण रेलवे और पूर्व रेलवे के साथ स्क्रैप बिक्री के 500 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल हो गई है।

## मध्य रेल निम्नलिखित ट्रेनों को संशोधित संरचना के साथ चलाएगा

मध्य रेल ने निम्नलिखित ट्रेनों को एलएचबी कोच और संशोधित संरचना के साथ चलाने का निर्णय लिया हैः

कोल्हापुर-गोंदिया- कोल्हापुर एक्सप्रेस

ट्रेन संख्या 11039 कोल्हापुर-गोंदिया एक्सप्रेस दिनांक 01.06.2025 से कोल्हापुर से एलएचबी कोच और संशोधित संरचना के साथ चलेगी।

ट्रेन संख्या 11040 गोंदिया-कोल्हापुर एक्सप्रेस दिनांक 03.06.2025 से गोंदिया से एलएचबी कोच और संशोधित संरचना के साथ चलेगी।

ट्रेन संख्या 11039/11040 कोल्हापुर-गोंदिया-कोल्हापुर एक्सप्रेस की संशोधित संरचनाः-

एक वातानुकूलित 2-टियर, चार वातानुकूलित 3-टियर, 7 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी, एक सेकंड सीटिंग सह गार्ड ब्रेक वैन और 1 जेनरेटर कार।

कोल्हापुर-पुणे-कोल्हापुर एक्सप्रेस

ट्रेन संख्या 01023 कोल्हापुर-पुणे एक्सप्रेस दिनांक 04.06.2025 से कोल्हापुर से एलएचबी कोच और संशोधित संरचना के साथ चलेगी।

ट्रेन संख्या 01024 पुणे-कोल्हापुर एक्सप्रेस दिनांक 05.06.2025 से पुणे से एलएचबी कोच और संशोधित संरचना के साथ चलेगी।

ट्रेन संख्या 01023/01024 कोल्हापुर-पुणे-कोल्हापुर एक्सप्रेस की संशोधित संरचनाः-

एक वातानुकूलित 3-टियर, 7 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी, एक सेकंड सीटिंग सह गार्ड ब्रेक वैन और 1 जेनरेटर कार।

इन ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव के लिए, कृपया www.enquiry.indianrail.gov.inपर देखें या NTES ऐप डाउनलोड करें।

## रेलवे संशोधित संरचना के साथ सीएसएमटी-पटना सुपरफास्ट एक्सप्रेस चलाएगा

रेलवे ने ट्रेन संख्या 22359/22360 पटना-सीएसएमटी-पटना सुपरफास्ट एक्सप्रेस को एलएचबी कोच और संशोधित संरचना के साथ चलाने का फैसला किया हैःट्रेन संख्या 22359 पटना-सीएसएमटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस दिनांक 26.03.2025 से पटना से एलएचबी कोच और संशोधित संरचना के साथ चलेगी।

ट्रेन संख्या 22360 सीएसएमटी-पटना सुपरफास्ट एक्सप्रेस दिनांक 28.03.2025 से सीएसएमटी से एलएचबी कोच और संशोधित संरचना के साथ चलेगी

## 1 अप्रैल, 2025 से सूरत स्टेशन पर अधिकांश ट्रेनों के ठहराव बहाल किए जाएंगे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

● सूरत स्टेशन के पुनर्विकास के संबंध में प्लेटफॉर्म संख्या 2 और 3 पर चल रहा एयर कॉनकोर्स का कार्य पूरा हुआ
● अस्थायी रूप से वैकल्पिक स्टेशनों पर स्थानांतरित की गई अधिकांश ट्रेनों का
● 1 अप्रैल, 2025 से सूरत स्टेशन से परिचालन फिर से शुरू होगा

मुंबई, सूरत स्टेशन का पूर्ण रूप से कायाकल्प हो रहा है और इसे विश्वस्तरीय स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। सूरत स्टेशन पुनर्विकास के तहत प्लेटफॉर्म संख?या 2 और 3 (फेज-कक) पर कॉनकोर्स का काम पूरा हो चुका है। इसे देखते हुए, जिन ट्रेनों को अस्थायी रूप से वैकल्पिक स्टेशनों पर स्थानांतरित किया गया था, उनमें से अधिकांश ट्रेनों का 1 अप्रैल, 2025 से सूरत स्टेशन पर परिचालन फिर से शुरू हो जाएगा।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, प्लेटफॉर्म संख्या 2 और 3 पर चल रहे सूरत स्टेशन पुनर्विकास कार्य का दूसरा चरण पूरा हो गया है। इस कार्य के मद्देनजर किए गए ब्लॉक के कारण जिन ट्रेनों को अस्थायी रूप से वैकल्पिक स्टेशनों पर स्थानांतरित किया गया था, उनमें से अधिकांश 1 अप्रैल, 2025 से परिचालन फिर से शुरू करेंगी। हालांकि यह सूचित किया जाता है कि ताप्ती लाइन की सभी ट्रेनों (नंदुरबार/जलगांव से आने और जाने वाली) उधना स्टेशन पर ठहराव जारी रहेगा।

इन ट्रेनों की बहाली के बारे में विस्तृत जानकारी अनुलग्नक के रूप में संलग्न हैः

अनुलग्नक कः सार्वजनिक समय सारणी के साथ सूरत स्टेशन पर रुकने वाली अप ट्रेनें

अनुलग्नक ककः संशोधित सार्वजनिक समय सारणी के साथ सूरत स्टेशन पर रुकने वाली अप ट्रेनें

अनुलग्नक कककः सार्वजनिक समय सारणी के साथ सूरत स्टेशन पर रुकने वाली डाउन ट्रेनें

अनुलग्नक कशः सूरत स्टेशन पर रुकने वाली डाउन ट्रेनें

अनुलग्नक शः सूरत स्टेशन से/पर विस्तारित/स्थानांतरित की गई मेमू/पैसेंजर ट्रेनें

अनुलग्नक शकः उधना स्टेशन से/पर शॉर्ट ओरिजिनेट/टर्मिनेट होने वाली ट्रेनें

अनुलग्नक शककः उधना स्टेशन पर रुकने वाली ट्रेनें

अनुलग्नक शकककः ताप्ती वाउंड अप और डाउन ट्रेनें जिनका उधना स्टेशन पर ठहराव जारी रहेगा

अनुलग्नक कः मुख्य लाइन की ट्रेनें जो अप दिशा में उधना और सूरत स्टेशनों पर रुकेंगी और डाउन दिशा में उधना में नहीं रुकेंगी।

इन ट्रेनों का विवरण पश्चिम रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट wr.indianrailways.gov.in पर भी अपलोड कर दिया गया है।

## भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन द्वारा डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर यात्रा टूर पैकेज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी) भारतीय रेलवे की मिनी रत्न पीएसयू है, जो घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन के सभी पहलुओं में 25 वर्षों से मौजूद है। रेल मंत्रालय की भारत गौरव नीति विशेष रूप से पूरे देश में किफायती और किफायती पर्यटन की परिकल्पना करते हुए रेल पर किफायती अनुभवात्मक पर्यटन को बढ़ावा देती है।

आईआरसीटीसी पश्चिम क्षेत्र भारत गौरव ट्रेन के माध्यम से डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर यात्रा टूर पैकेज प्रस्तुत करता है, जो एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत 08 रातों और 09 दिनों के दौरे में बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर के जीवन और बौद्ध विरासत से जुड़े प्रमुख स्थानों को कवर करता है, जो पर्यटकों को एक समग्र अनुभव प्रदान करता है। सेवाएँ व्यापक हैं और इसमें भारत गौरव विशेष पर्यटक ट्रेन द्वारा संबंधित श्रेणियों में ट्रेन यात्रा, एसी और नॉन-एसी कमरों में रात का ठहराव और होटल में ६ॅ२ँ औरॅं ल्लीॅ२, यात्रा श्रेणी के अनुसार एसी और नॉन-एसी बस परिवहन, सभी ऑनबोर्ड और ऑफ-बोर्ड शामिल हैं। शाकाहारी भोजन, यात्रा बीमा, ट्रेन में सुरक्षा और सभी लागू कर आदि शामिल हैं।

मुख्य विशेषताएं नीचे दी गई हैंः

1. लोड - 14 कोच (7 स्लीपर + 3 - 3अउ + 01 - 2अउ + 02 पावर कार + 01 पेंट्री कार) जिसमें 662 यात्री सवार हो सकते हैं।

2. अवधिः 7 रातें/ 8 दिन - 29.04.2025 से 06.05.2025 तक

3. चढ़ने / उतरने का स्टेशनः नागपुर - वर्धा - पुलगांव - बडनेरा - अकोला - जलगांव - नासिक - कल्याण

4. यात्रा कार्यक्रमः नागपुर- पुणे (दापोड़ी विहार, डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर संग्रहालय), मुंबई (राजगृह दादर/चैत्य भूमि/सिद्धार्थ कॉलेज), महू, दिल्ली (डॉ. अंबेडकर राष्ट्रीय स्मारक, इंडिया गेट, लोटस टेंपल, कुतुब मीनार), नागपुर (दीक्षाभूमि/नागलोक) और वापसी

5. यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन को अत्याधुनिक पेंट्री कार उपकरण, सीसीटीवी और यात्री घोषणा प्रणाली से सुसज्जित किया गया है



यह यात्रा 29 अप्रैल 2025 को शुरू होगी और यह विशेष ट्रेन आपको 7 रात 8 दिनों के भावनात्मक दौरे पर ले जाएगी, जिसमें भोजन, आवास से लेकर सभी सेवाएं पैकेज में ही शामिल हैं स्थानान्तरण और इसके साथ ही मूल्य निर्धारण में पहले से ही जीएसटी शामिल है, इसलिए यात्रियों को छिपे हुए शुल्क के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। विशेष पर्यटक ट्रेन न केवल बाहर से फैंसी दिखती है बल्कि इसमें सभी सुरक्षा के साथ अंदर का स्वच्छ वातावरण भी है, जो व्यापक बीमा कवरेज देता है। यह टूर बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर के जीवन के उच्च बिंदुओं को दर्शाता है- पुणे (दापोडी विहार, डॉ बाबासाहेब अंबेडकर संग्रहालय), मुंबई (राजगृह दादर / चैत्य भूमि / सिद्धार्थ कॉलेज), महू, दिल्ली (डॉ अंबेडकर राष्ट्रीय स्मारक, इंडिया गेट, लोटस टेंपल, कुतुब मीनार), नागपुर (दीक्षाभूमि / नागलोक). कफउळउ आपको डॉ बाबा साहेब अंबेडकर के जीवन पर एक परिप्रेक्ष्य देने के लिए एक यात्रा पर ले जाने के लिए तैयार है यात्रा की शुरूआत स्लीपर श्रेणी में सिर्फ 14990 रुपये, आराम श्रेणी (3AC) में 28420 /- और आराम श्रेणी (2AC) के लिए 35230 /- से होती है। भारत गौरव पर्यटक ट्रेन की परिकल्पना यात्रियों को अद्वितीय और अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करने के लिए की गई है, क्योंकि वे भारत के सर्वश्रेष्ठ को देख सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए आप IRCTC की वेबसाइटhttps://www.irctctourism.com पर जा सकते हैं और वेब पोर्टल पर पहले आओ पहले पाओ के आधार पर ऑनलाइन बुकिंग उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए आप मोबाइल नंबर 8287931886 पर संपर्क कर सकते हैं।

## पश्चिम रेलवे द्वारा छह जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे विस्तारित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा विशेष रूप से ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विशेष किराये पर 6 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे विस्तारित किये गये हैं।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार हैः

1. ट्रेन संख्या 09055 बांद्रा टर्मिनस-उधना (सप्ताह में 5 दिन) स्पेशल को 30 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है।
2. ट्रेन संख्या 09056 उधना- बांद्रा टर्मिनस (सप्ताह में 5 दिन) स्पेशल को 30 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है।
3. ट्रेन संख्या 09415 बांद्रा टर्मिनस- गांधीधाम सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल को 26 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है।
4. ट्रेन संख्या 09416 गांधीधाम- बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल को 26 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है।
5. ट्रेन संख्या 09207 बांद्रा टर्मिनस-भावनगर टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल को 27 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है।
6. ट्रेन संख्या 09208 भावनगर टर्मिनस-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल को 26 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है।
7. ट्रेन संख्या 09211 गांधीग्राम- बोटाद अनारक्षित स्पेशल को 30 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है।
8. ट्रेन संख्या 09212 बोटाद- गांधीग्राम अनारक्षित स्पेशल को 30 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है।
9. ट्रेन संख्या 09215 गांधीग्राम - भावनगर टर्मिनस अनारक्षित स्पेशल को 30 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है।
10. ट्रेन संख्या 09216 भावनगर टर्मिनस- गांधीग्राम अनारक्षित स्पेशल को 30 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है।
11. ट्रेन संख्या 09529 धोला- भावनगर टर्मिनस अनारक्षित स्पेशल को 30 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है।
12. ट्रेन संख्या 09530 भावनगर टर्मिनस-धोला अनारक्षित स्पेशल को 30 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है।

ट्रेन संख्या 09055, 09056, 09415, 09416, 09207 एवं 09208 के विस्तारित फेरों की बुकिंग सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर 27 मार्च, 2025 से शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव, समय और संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www. enquiry .indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

## मध्य रेल के सोलापुर मंडल के 4 स्टेशनों पर सीएसएमटी मुंबई-कन्याकुमारी और सीएसएमटी मुंबई-चेन्नई ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें रुकेंगी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

भारतीय रेल गर्मी की छुट्टियों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए सीएसएमटी मुंबई-कन्याकुमारी और सीएसएमटी मुंबई-चेन्नई के बीच 32 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें चलाएगा।

ये विशेष ट्रेनें मध्य रेल के सोलापुर मंडल के 4 स्टेशनों पर रुकेंगी, जिनके नाम हैंः कुडुर्वाडी, सोलापुर, कलबुरगि और वाडी।

सीएसएमटी मुंबई - कन्याकुमारी साप्ताहिक विशेष (24 ट्रिप)

- 01005 विशेष ट्रेनें 09.04.2025 से 25.06.2025 तक प्रत्येक बुधवार को 00.30 बजे सीएसएमटी मुंबई से रवाना होंगी और अगले दिन 13.45 बजे कन्याकुमारी पहुंचेंगी। (12 ट्रिप)

- 01006 विशेष ट्रेनें 10.04.2025 से 26.06.2025 तक प्रत्येक गुरुवार को 16.45 बजे कन्याकुमारी से रवाना होंगी और तीसरे दिन 04.15 बजे सीएसएमटी मुंबई पहुंचेंगी। (12 ट्रिप)

ठहरावः दादर, ठाणे, कल्याण, लोनावला, पुणे, दौंड, कुडुर्वाडी, सोलापुर, कलबुरगि, वाडी, कृष्णा, रायचूर, मंत्रालयम रोड, गुंतकल, अनंतपूर, धर्मवरम, यलहंका, कृष्णराजपुरम, बंगारपेट, जोलारपेट्टै, सेलम, करूर, तिरुच्चिराप्पल्लि, दिंडुक्कल, मदुरै, विरुदुनगर और तिरुनेलवेली।

संरचनाः 4 एसी-कक टियर, 6 एसी-ककक टियर, 4 स्लीपर क्लास, 4 जनरल सेकंड क्लास, 1 लगेज कम ब्रेक वैन और 1 जेनरेटर कार कम ब्रेक वैन। (20 कोच)

सीएसएमटी मुंबई - चेन्नई सेंट्रल साप्ताहिक स्पेशल (8 ट्रिप)

- 01015 स्पेशल 09.04.2025 से 30.04.2025 तक प्रत्येक बुधवार को 00.20 बजे सीएसएमटी मुंबई से रवाना होंगी और उसी दिन 23.30 बजे चेन्नई सेंट्रल पहुंचेंगी। (4 ट्रिप)

- 01016 स्पेशल 10.04.2025 से 01.05.2025 तक प्रत्येक गुरुवार को 04.00 बजे चेन्नई सेंट्रल से रवाना होंगी और अगले दिन 04.15 बजे सीएसएमटी मुंबई पहुंचेंगी। (4 ट्रिप)

ठहरावः दादर, ठाणे, कल्याण, लोनावला, पुणे, दौंड, कुडुर्वाडी, सोलापुर, कलबुरगि, वाडी, कृष्णा, रायचूर, मंत्रालयम रोड, आदोनि, गुंतकल, गुत्ती, तडिपत्रि, येरगुंटला, कड़पा, राजमपेटा, रेणिगुंटा, अरक्कोणम और पेरम्बूर।

संरचनाः 1 एसी-कक टियर, 5 एसी-ककक टियर, 10 स्लीपर क्लास, 4 जनरल सेकेंड क्लास, और 2 लगेज कम ब्रेक वैन (22 कोच)

आरक्षणः विशेष ट्रेनों 01005/01006 और 01015/01016 के लिए विशेष शुल्क पर बुकिंग सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों और व े ब ा स ा इ ट www.irctc.co.in पर उपलब्ध होगी।

इन विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव के लिए, कृपया www. enquiry. indianrail.gov.inजाएं या एनटीईएस ऐप डाउनलोड करें।

## आवारा सांडों का आतंक

### महावीर मार्ग पर दो सांडों की लड़ाई से यातायात ठप, दुकानों में छिपे लोग

बागपत, बड़ौत शहर में आवारा सांडों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। महावीर मार्ग पर दो सांडों के बीच सड़क पर भिड़ंत हो गई। करीब दो मिनट तक चली इस लड़ाई से यातायात पूरी तरह ठप हो गया। राहगीरों और दुकानदारों को अपनी जान बचाने के लिए दुकानों में शरण लेनी पड़ी। सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। स्थानीय लोगों और नगर पालिका की टीम ने मौके पर पहुंचकर पानी डालकर दोनों सांडों को वहां से भगाया। स्थानीय निवासी मनोज कुमार ने बताया कि सांड अक्सर एक-दूसरे पर हमलावर हो जाते हैं। कई बार ये स्थानीय लोगों को टक्कर मारकर घायल कर चुके हैं। वाहनों को भी नुकसान पहुंचा चुके हैं।

## नगदी और जेवर के साथ किशोरी प्रेमी संग फरार

बुलंदशहर, शिकारपुर के थाना पहासू क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता ने गांव के ही एक युवक फैसल पर बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है।

CHANGE OF NAME

I have change my name from Ramachandran PN Add.- Ms Rb/Iii/27/3Railway Colony Near Ganesh Mandir Mulund (E) to Ramachandran Nair as per Maharashtra Gadget Number M-24422562

## कल्याण और बदलापुर के बीच मौजूदा आरओबी के गर्डरों को हटाने के लिए दिनांक 29/30.03.2025 को विशेष यातायात और पावर ब्लॉक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल, मुंबई मंडल दिनांक 29/30.03.2025 (शनिवार/रविवार रात्रि के समय) को कल्याण और बदलापुर के बीच नए पाइपलाइन पुल के निर्माण के लिए दो सड़क क्रेन का उपयोग करके किलोमीटर 62/880 पर मौजूदा रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) के 4 गर्डरों को हटाने के लिए अप और डाउन साउथ-ईस्ट लाइनों पर विशेष यातायात और पावर ब्लॉक परिचालित करेगा।

यह ब्लॉक दिनांक 30.03.2025 (शनिवार / रविवार मध्य रात्रि) के 01.30 बजे से दिनांक 30.03.2025 (रविवार सुबह) के 04.30 बजे के बीच अंबरनाथ और बदलापुर के बीच परिचालित किया जाएगा।

ब्लॉक के कारण होने वाले परिवर्तन निम्नलिखितः

अप मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का डायवर्जन

निम्नलिखित ट्रेनों को कर्जत-पनवेल-दिवा के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा।

ट्रेन नंबर 11020 भुवनेश्वर-सीएसएमटी कोणार्क एक्सप्रेस,

ट्रेन नंबर 18519 विशाखापत्तनम-एलटीटी एक्सप्रेस,

ट्रेन नंबर 12702 हैदराबाद-सीएसएमटी हुसैनसागर एक्सप्रेस,

ट्रेन नंबर 11140 होसपेटे-सीएसएमटी एक्सप्रेस और

ट्रेन नंबर 22158 चेन्नई-सीएसएमटी एक्सप्रेस।

कल्याण जाने वाले यात्रियों के लाभ के लिए कल्याण में निर्धारित ठहराव वाली ट्रेनों को ठाणे में ठहराव दिया जाएगा।

अप मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का रेगुलेशन

ट्रेन संख्या 22178 सिकंदराबाद-राजकोट एक्सप्रेस को वांगनी स्टेशन पर 04.10 बजे से 04.30 बजे तक रेगुलेट किया जाएगा।

ट्रेन संख्या 11022 तिरुनेलवेली-दादर एक्सप्रेस को नेरल स्टेशन पर 04.17 बजे से 04.27 बजे तक रेगुलेट किया जाएगा।

देरी से चलने वाली मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें/हॉलिडे स्पेशल को परिचालन आवश्यकता के अनुसार डायवर्ट किया जाएगा।

ब्लॉक अवधि के दौरान उपनगरीय ट्रेनों का परिचालनः

ब्लॉक अवधि के दौरान अंबरनाथ और कर्जत स्टेशनों के बीच उपनगरीय सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी।

उपनगरीय ट्रेनों का (एक्सटेंशन) विस्तार/शॉर्ट टर्मिनेशन /शॉर्ट ओरिजनेशन

परेल से 23.13 बजे रवाना होने वाली पीए3 परेल-अंबरनाथ लोकल को बदलापुर तक चलाया जाएगा।

23.51 बजे सीएसएमटी से रवाना होने वाली बीएल61 सीएसएमटी-बदलापुर लोकल की यात्रा अंबरनाथ में समाप्त हो जाएगी।

00.12 बजे सीएसएमटी से रवाना होने वाली एस1 सीएसएमटी-कर्जत लोकल की यात्रा अंबरनाथ में समाप्त हो जाएगी।

02.30 बजे कर्जत से रवाना होने वाली एस2 कर्जत-सीएसएमटी लोकल अंबरनाथ से 03.10 बजे शार्ट ओरिजिनेट होगी।

कर्जत-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन कर्जत से 04.10 बजे रवाना होगी और 06.08 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी।

ये ब्लॉक बुनियादी ढांचे के रखरखाव और संरक्षा के लिए आवश्यक हैं।

यात्रियों से अनुरोध है कि वे इस असुविधा के लिए रेलवे प्रशासन को सहयोग करें।

## रेलवे में धूम्रपान करने वालों पर रेलवे सुरक्षा बल ने की कार्रवाई

जबलपुर 25 मार्च। भारतीय रेलवे ने यात्रियों और कर्मचारियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में धूम्रपान पर प्रतिबंध किया है। यह कदम रेलवे द्वारा यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित और स्वास्थ्यप्रद वातावरण प्रदान करने एवं आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए उठाया गया है।पश्चिम मध्य रेल, रेलवे सुरक्षा बल ने यह सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए हैं कि रेलवे परिसर, स्टेशन और ट्रेन में कहीं भी धूम्रपान न किया जाए। इसके लिए रेल अधिनियम की धारा 167 एवं सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के तहत यह प्रतिबंध लागू है, और इसका उल्लंघन करने वालों पर जुमार्ना लगाकर कानूनी कार्रवाई की जाती है। वर्ष 2024 में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा रेलवे परिसर में धुम्रपान करने वाले 8304 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई कर 16,35,120/- रुपए का जुमार्ना वसूला गया तथा वर्ष 2025 में अब तक 1836 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई कर 3,48,700/- रुपए का जुमार्ना वसूला गया। धूम्रपान करने से रेल परिसर एवं ट्रेनों में आग लगने का खतरा बढ़ सकता है, खासकर ट्रेनों में जहां कई इलेक्ट्रिकल और ज्वलनशील सामग्री होती है। रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि वे रेलवे परिसर में धूम्रपान करने से बचें और नियमों का पालन करें ताकि यात्रियों को एक स्वस्थ और सुरक्षित यात्रा का अनुभव हो सके। रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता हैं कि वे रेलवे परिसर में धूम्रपान न करें और रेलवे को एक स्वच्छ और सुरक्षित परिवहन सेवा के रूप में बनाए रखने में मदद करें।

पश्चिमी रेलवे अहमदाबाद

8 लेन सड़क ओवर ब्रिज का निर्माण

**ई-निविदा सूचना सं : DY.CE-C-IV-SIOB-GIM-02-E (i) कार्य का नाम तथा स्थान :** पश्चिम रेलवे पर अहमदाबाद मंडल के सामाखियाली-गांधीधाम खंड को चौगुना करने के संबंध में भचाऊ-चिराई स्टेशनों के बीच किमी 765/8-9 पर विद्यमान आरओबी के स्थान पर पहुंच मार्ग सहित 8 लेन के सड़क ऊपरी पुल (1 x 72.0 मीटर स्पान रेलवे भाग) का निर्माण तथा अन्य विविध कार्य। **पूर्ण होने की अवधि :** 18 (मानसून सहित अठारह महीने) **(ii) कार्य की अनुमानित लागत :** ₹216,76,87,177.31 **(iii) जमा की जाने वाली बयाना राशि :** आईआरईपीएस पोर्टल पर अपलोड के अनुसार **(iv) बोली/संशोधित बोली जमा करने की अंतिम तिथि और समय :** 16.04.2025 को 15.00 बजे तक। **(v) ई-निविदा खोलने की तिथि और समय :** 16.04.2025 को 15.30 बजे के बाद किसी भी समय **(vi) (1) सभी निविदाकर्ताओं द्वारा अनुलग्नक-V में दिए गए अनुसार एक शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए, जिसके आधार पर निविदाकर्ताओं की पात्रता का मूल्यांकन किया जाएगा। (ii) सभी निविदाकर्ताओं को निविदा के पैरा 6.0 के अनुसार निविदा के साथ बोली सुरक्षा घोषणा प्रस्तुत करना आवश्यक है। (vii) वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड, स्थान जहां निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है और कार्यालय का पता :** पात्रता मानदंड सहित निविदा का पूरा विवरण पश्चिम रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उप मुख्य अभियंता (सी) IV का कार्यालय, निर्माण भवन, पहली मंजिल, 'सी' विंग, जीसीएस अस्पताल के सामने, नरोडा रोड, डीआरएम कार्यालय के पास, अहमदाबाद: 382345 किसी भी स्पष्टीकरण के मामले में फर्म व्यक्तिगत रूप से या आधिकारिक मोबाइल नंबर 9724093252 पर कार्य समय के दौरान उपरोक्त कार्यालय में संपर्क कर सकती है। 136

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे – वडोदरा मंडल

इंजीनियरिंग कार्य

**ई-निविदा सूचना सं : DRM-BRC 141 to 142 OF 2024-25** भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए/सी), पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा-390 004 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **(1) निविदा संख्या :** DRM BRC 141 of 2024-25 **कार्य का नाम :** सीटीडी-एआरपीआर सेक्शन पर पैदल यात्री क्रॉसिंग के लिए आरयूबी 62 के पास सबवे का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में) :** ₹2,05,81,291.07 **जमा की जाने वाली बोली सुरक्षा (रुपये में) :** ₹2,52,900.00 **(2) निविदा सं. :** DRM BRC 142 of 2024-25. **कार्य का नाम :** वडोदरा डिवीजन :- स्लीपर रिन्यूअल टीएसआर (पी) 65.000 टीकेएमएस के माध्यम से ठेकेदार के अपने पीक्यूआरएस पोर्टल और अन्य संबंधित ट्रैक नवीनीकरण कार्य सीनियर डीईएन ईस्ट और डीईएन नॉर्थ बीआरसी के अधिकार क्षेत्र में। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में) :** ₹26,94,35,151.79 **जमा की जाने वाली बोली सुरक्षा (रुपये में) :** ₹14,97,200.00 **निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय :** निविदा 14.04.2025 को 15.00 बजे से पहले प्रस्तुत की जानी है, और उसी तारीख को 15.30 बजे खोली जानी है। **वेब साइट विवरण और स्थान के लिए सूचना जहां से पूरा विवरण देखा जा सकता है और कार्यालय का पता जहां से निविदा फार्म खरीदा जा सकता है :** मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए/सी) पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा-4 वेब साइट @ www.ireps gov in 333

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# रईस जूनियर कालेज में इको क्लब द्वारा कार्यशाला का आयोजन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , पर्यावरण के प्रति छात्रों में जागरूकता और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा करने के लिए रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कालेज भिवंडी में स्थापित इको क्लब के तत्वावधान में सोमवार 24 मार्च 2025 को कम्पोस्ट खाद बनाना विषय पर एक उपयोगी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में छात्रों को कम्पोस्ट खाद बनाने के बारे में जानकारी दी गई। जिसके बाद विद्यार्थियों ने एक व्यावहारिक अभ्यास किया जिसमें उन्होंने बेहतर अपशिष्ट प्रबंधन और बागवानी के लिए प्राकृतिक खाद बनाने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत मालूमात हासिल की। गौरतलब है कि रासायनिक खादों के हानिकारक प्रभावों से बचाने के लिए सबसे अच्छा विकल्प कम्पोस्ट खाद है, जिसे बनाने में बहुत कम खर्च आता है।इस तरह यह पर्यावरण दोस्त होती हैं। कार्यशाला सय्यद एजाज हाशमी सर, नाजिया मोमिन मैडम और पर्यावरण शिक्षा की शिक्षिका आयशा शाह मैडम की देखरेख में आयोजित किया गया।उक्त कार्यशाला में प्रिंसिपल जियाउर रहमान अंसारी मौजूद थे। आपने क्लब के छात्र सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण क्लब के सदस्य के रूप में आपकी जिम्मेदारी अन्य लोगों से अधिक है। यदि आपको संस्थान में कोई पर्यावरणीय अनियमितता दिखे तो उसकी ओर ध्यान दिलाएं। और दूसरों से अधिक पर्यावरण का सम्मान करें। उन्होंने कार्यशाला की सफलता पर विद्यार्थियों और आयोजक शिक्षकों को बधाई दी।



# सपा सांसद रामजी लाल सुमन के आपत्तिजनक बयान पर क्षत्रिय समाज ने किया विरोध प्रदर्शन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , क्षत्रिय समाज चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा समाज के गौरव शूरवीर राणा सांगा पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।शिव परिवार संगठन के कार्यालय , कामगार परिसर में सैकड़ों लोगों ने सपा सांसद रामजी लाल सुमन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनकी संसद सदस्यता रद्द करने और सार्वजनिक माफी की मांग की।संस्था के संस्थापक एडवोकेट विनय कुमार सिंह ने कहा किहमारे महापुरुषों का अपमान न पहले सहा था, न अब सहेंगे। रामजी लाल सुमन हों या कोई भी राजनेता, उन्हें यह समझना होगा कि महापुरुषों के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।ऐसे नेताओं की संसद सदस्यता रद्द होनी चाहिए और उन्हें समाज से माफी मांगनी चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि क्षत्रिय समाज इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा।विरोध प्रदर्शन में क्षत्रिय समाज के मार्गदर्शक अभिराम सिंह, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर सिंह, महासचिव सुनील सिंह, पूर्व महासचिव श्रवण कुमार सिंह, उपाध्यक्ष मनोज सिंह, जिला प्रभारी भगवंत सिंह, समरजीत सिंह, प्रदीप सिंह, महिला अध्यक्ष मनीषा सिंहयुवा अध्यक्ष रंजीत सिंह, कौशलेंद्र सिंह, महेश सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित थे। विरोध प्रदर्शन के बाद, वागले पुलिस स्टेशन में सांसद रामजी लाल सुमन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए एक आधिकारिक निवेदन दिया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने सरकार को भी चेतावनी दी कि अगर इस मामले में जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, तो देशभर में जनआंदोलन खड़ा किया जाएगा। क्षत्रिय समाज चैरिटेबल ट्रस्ट ने साफ कर दिया है कि अगर सांसद रामजी लाल सुमन अपने बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते, तो विरोध और भी तेज होगा। संगठन ने आने वाले दिनों में राज्यपाल, मुख्यमंत्री और राष्ट्रपति को भी इस मुद्दे पर ज्ञापन सौंपने की योजना बनाई है।



फास्ट ट्रैक

# ठाणे में तलाशी अभियान चलाकर बंद किए जाएंगे हुक्का पार्लर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , हुक्का पार्लर व्यवसाय पर प्रतिबंध है और इस संबंध में अपराध दर्ज करने पर तीन साल की सजा का प्रावधान है, लेकिन ठाणे शहर में हुक्का पार्लर संचालकों के खिलाफ पुलिस द्वारा ऐसे अपराध दर्ज नहीं किए जाते हैं, इस पर विधायक संजय केलकर ने खेद व्यक्त किया।इस पर गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने कहा कि शहर में सर्च ऑपरेशन शुरू करने और ठोस कार्रवाई करने के तुरंत आदेश दिए जाएंगे।ठाणे शहर में हुक्का पार्लर संस्कृति से युवा पीढ़ी बर्बाद होने की कगार पर है। हुक्का पार्लर मुक्त ठाणे शहर के लिए एक जन आंदोलन भी सफल रहा। विधायक संजय केलकर ने सभाकक्ष में बताया कि पुलिस कार्रवाई के कारण 60 फीसदी हुक्का पार्लर बंद हो गये, लेकिन 40 फीसदी पार्लर अभी भी खुले हैं।शहर में सीधे तौर पर हुक्का पार्लर तो हैं लेकिन हर्बल के नाम पर भी हुक्का पार्लर चल रहे हैं। इतना ही नहीं परमिट रूम के पीछे भी यह धंधा चल रहा है। इसके चलते युवा पीढ़ी बड़ी संख्या में नशे की चपेट में आ रही है। यहां तक ??कि सोशल मीडिया पर छुपे हुए आकर्षक विज्ञापन भी प्रसारित किए जा रहे हैं और जब आप उस जगह पर जाते हैं तो पता चलता है कि वह एक हुक्का पार्लर है।केलकर ने कहा कि इन हुक्का चालकों को पुलिस द्वारा सिर्फ समझाइश दी जाती है कि वे अपना धंधा बंद कर दें, लेकिन पुलिस इस धंधे के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने में विफल हो रही है।विधायक केलकर ने गुस्से में सवाल उठाया कि ठाणे के युवाओं को स्थायी रूप से बर्बाद करने वाले इन हुक्का पार्लरों को बंद न करने के पीछे राजनीतिक और आर्थिक कारण क्या है? इस पर प्रतिक्रिया देते हुए गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने कहा कि ठाणे शहर में तलाशी अभियान शुरू करने और हुक्का पार्लरों को बंद करने के आदेश आज दिए जाएंगे।

# बार्टी के पाँच छात्र केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के सहायक कमांडेंट का पद के चयनित

ठाणे , डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित यू.पी.एस.सी. प्री-सिविल सेवा और मुख्य परीक्षा तैयारी प्रशिक्षण योजना के तहत केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल 2023 के लिए सहायक कमांडेंट के पद के लिए पांच बार्टी छात्रों का चयन किया गया है। सीएपीएफ ( केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल ) के लिए उनकी ट्रेनिंग मई के अंत तक हैदराबाद में शुरू होगी। इन सफल छात्रों में वेंकट प्रकाश गायकवाड़ - रैंक 39, अजीत सूर्यकांत खरात - रैंक 220, मयूर दीपक रंगारी - रैंक 248, रोशन अरविंद कडू रैंक - 284, अजय इटखरे - रैंक 292 शामिल हैं।संघ लोक सेवा आयोग ( यूपीएससी ) केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल ( सहायक कमांडेंट ) भर्ती परीक्षा आयोजित करता है।सीएपीएफ गृह मंत्रालय के अधीन केंद्रीय पुलिस संगठनों का सामूहिक नाम है। इन बलों में सीमा सुरक्षा बल ( बीएसएफ ), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ( सीआरपीएफ ), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस ( आईटीबीपी ) और सशस्त्र सीमा बल ( एसएसबी ) शामिल हैं। इन ताकतों की भूमिका मुख्य रूप से आंतरिक खतरों से राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना है।सीएपीएफ में अधिकारियों की भर्ती यूपीएससी द्वारा आयोजित केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल ( सहायक कमांडेंट ) परीक्षा के माध्यम से की जाती है। बार्टी के माध्यम से अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए यूपीएससी-सिविल सेवा तैयारी और मुख्य परीक्षा तैयारी योजना के तहत प्रारंभिक और मुख्य प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षण योजना में छात्रों का चयन योग्यता के आधार पर किया जाता है। चयनित विद्यार्थियों को मासिक वजीफा, निःशुल्क प्रशिक्षण, यात्रा भत्ता दिया जाता है।बार्टी के माध्यम से यूपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा तैयारी प्रशिक्षण योजना में दिल्ली में कोचिंग संस्थानों में कोचिंग, सिविल सेवा ( प्रारंभिक ) परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले और ( मुख्य ) परीक्षा के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को वित्तीय सहायता। व्यक्तित्व परीक्षण में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों के लिए वित्तीय सहायता योजनाएँ लागू की जाती हैं। इन सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी बार्टी की वेबसाइट www.barti.in पर उपलब्ध है। बीएआरटीआई के महानिदेशक सुनील वारे ने छात्रों से इन सभी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

# महाबोधि विहारमुक्ति की मुक्ति के लिए ठाणे में बौद्ध समुदाय नि निकाला मोर्चा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे, बोधगया में महाबोधि विहार को मुक्त कराकर बौद्धों को सौंपने की मांग को लेकर शिव-फुले-शाहू-अम्बेडकर अनुयायी मोर्चा योजना समिति द्वारा बौद्ध भिक्षुओं की उपस्थिति में एक भव्य मार्च का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। बिहार राज्य के पटना बोधगया में महाबोधि विहार कई वर्षों से ब्राह्मण प्रबंधन के अधीन है। ब्राह्मणों के कब्जे में रहे महाबोधि विहार को मुक्त कराकर बौद्धों को देने के लिए भिक्षु संघ के नेतृत्व में पूरे देश में महाबोधि विहार की मुक्ति के लिए आंदोलन चल रहे हैं। उसी के अनुरूप इस मार्च का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे जाँभली नाका से 'बुद्धम शरणम गच्छामि' गीत के साथ मार्च शुरू हुआ। मार्च जिलाधिकारी कार्यालय के सामने समाप्त हो गया।

मोर्चा समिति की ओर से भदंत लामा, नानासाहेब इंदिसे, भास्कर वाघमारे , राजाभाऊ चव्हाण आदि के नेतृत्व में भिक्षु संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री और बिहार के मुख्यमंत्री को एक बयान भेजा। बोधगया महाबोधि विहार अधिनियम 1949 को तुरंत रद्द किया जाना चाहिए; बोधगया में महाबोधि महाविहार का नियंत्रण भारतीय बौद्ध भिक्षुओं को सौंप दिया जाना चाहिए। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध भी शामिल हों; बयान में बोधगया में अनशनरत बौद्ध भिक्षुओं पर पुलिसिया अत्याचार को तुरंत रोकने और संबंधित पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग शामिल है।

इस बीच, गोविंद पठारे, प्रह्लाद मगरे, महेंद्र अनभोरे, प्रमोद इंगले, रवींद्र गायकवाड़, आनंद कपूरे, संदीप खरात, जयवंत बेले, श्रीकांत कांबले, साधन तायडे, अशोक कांबले, बाबासाहेब येडेकर, तात्या राव जेंडे, जे जी यादव, सतीश कांबले, राहुल घोडके, लोवसिंह राठौड़, विशाल ढेंगले, डॉ. प्रमोद जाधव, विमलताई सातपुते, सुमनताई इंगले, दैवशाला हराले आदि ने कड़ी मेहनत की।

# उल्हासनगर मनपा और वालधूनी नदी संवर्धन समिति के संयुक्त प्रयासों से वालधुनी नदी संवर्धन कार्यक्रम प्रारंभ

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

उल्हासनगर.मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले की प्रेरणा से मंगलवार को सुबह होटल प्रवीण खन्ना कंपाउंड ब्रिज पर वालधूनी नदी संवर्धन समिति के पदाधिकारियों एवं विभिन्न सेवा भावी संस्थाओं, स्थानीय प्रभाग की नगरसेविका पूर्व महापौर राजश्री चौधरी के संयुक्त विद्यमान में वालधुनी नदी संवर्धन अभियान प्रारंभ किया गया। इस अभियान के अंतर्गत वालधूनी नदी क्षेत्र स्वच्छ रखना, अपने घरों, दुकानों, कारखानों आदि से प्रतिदिन निकलने वाले कचरे को वर्गीकृत कर मनपा को देना, प्रदूषित पदार्थों कचरा आदि को नदी में जाने से रोकने के लिए जालियां लगाना, इस हेतु जन-जागरूकता अभियान के पोस्टर लगाना, ब्रिज की स्वच्छता का ध्यान रखना और सौंदर्यीकरण के लिए पेड़ों की क्यारी लगाना, शून्य कचरा संकल्पना का क्रियान्वयन करना आदि कार्यक्रमों को करने हेतु जन जागरूकता का कार्य किया गया। प्रभाग क्रमांक 10 में आने वाली वालधूनी नदी के 4 पुलों पर जालियां लगाने का कार्य प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर उल्हासनगर मनपा के अधिकारी विनोद केने, एकनाथ पवार, रविंद्र बेहेनवाल, वृक्ष फाउंडेशन की ज्योती तायड़े, वालधूनी नदी संवर्धन समिति के शशिकांत दायमा सहित शहर के स्थानीय नागरिक, विभिन्न सेवा भावी स्वयंसेवी संस्थाएँ, समाजसेवक, व्यापारी संगठन, स्वच्छता दूतों ने मिलकर शहर को स्वच्छ और सुंदर रखने के लिए वचनबद्धता ली।




# उल्हासनगर मनपा बजट 2025-26 : शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक विकास, सामाजिक न्याय और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता।

## पानी की दरों में आंशिक वृद्धि, पानी का बिल स्वतंत्र रूप से भेजने की तैयारी।

- गृहकर में पूंजी मूल्य आधारित कर प्रणाली पर लगी मोहर
- बजट में मनपा की आय में वृद्धि, कम्प्यूटरीकरण, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर और अन्य नवीन परियोजनाओं को प्रारंभ करने का लक्ष्य।
- हिंदी भाषियों की वर्षों पुरानी मांग हिंदी भवन के लिए बजट में नहीं किया गया विचार।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

उल्हासनगर. सोमवार को मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने मनपा की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करने और विकास के पांच स्तंभों को प्राथमिकता के आधार पर करने के लक्ष्य के साथ वित्तीय वर्ष 2025- 26 के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर मनपा सभागृह में 988 करोड़ 72 लाख रुपए का राजस्व वाला बजट पेश किया।इसमें चालू वित्तीय वर्ष में 988 करोड़ 18 लाख रुपए का खर्च का प्रावधान किया है। इस तरह यह बजट 54 लाख रुपए लाभ वाला बजट पेश किया गया। बजट में जलापूर्ति कर में वृद्धि के संकेत दिए गए है। गृहकर में पूंजी मूल्य आधारित कर प्रणाली अपनाई जाएगी। बजट 2025/26 में मनपा की आय में वृद्धि, कम्प्यूटरीकरण, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर और नवीन परियोजनाओं पर कार्य किया जाएगा।मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने इस बजट में बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने की दिशा में अनेकों प्रावधान किए हैं। शहर की सड़कों, चौक चौराहों, विद्यालयों, कक्षाओं, स्वास्थ्य केंद्रों, शौचालयों, कब्रिस्तान, पार्कों, पार्किंग स्थलों, पशु चिकित्सालयों, दिव्यांग भवन को स्मार्ट बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

### कंप्यूटरीकरण पर जोर

वित्तीय वर्ष 2025/26 के बजट में कंप्यूटरीकरण की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी रूप से अपनाने पर बल दिया गया है।नागरिकों की सुविधाओं के लिए संपत्तियों का पुनर्मूल्यांकन, संपत्तियों का नियमितीकरण, बीपीएमसी को अपनाना, अभिलेखों का कंप्यूटरीकरण, सम्पत्ति रजिस्ट्री, ऑडियो लाइब्रेरी, जल संसाधनों का ऑडिट, नागरिक शिकायतों के लिए ए.आई.का उपयोग, यातायात दुरुस्तीकरण के लिए वाहन ट्रेकिंग सिस्टम, ऑनलाइन लाइसेंस एवं क्यू आर कोड, अस्पतालों का कंप्यूटरीकरण आदि को शामिल किया गया।

### राजस्व वृद्धि के प्रयास

मनपा के राजस्व वृद्धि के लिए प्रयास तीव्र किए गए। राजस्व के नए स्रोतों की तलाश की जा रही है। संपत्तियों का पुनर्मूल्यांकन, पूंजी मूल्य आधारित टैक्स प्रणाली की शुरूआत, जल शुल्क में वृद्धि, संपत्ति का नियमितीकरण, केबल और इंटरनेट धारकों के लिए नीति निर्धारण, व्यापार लाइसेंस नीति, विज्ञापन दरों में वृद्धि, होर्डिंग दरों में वृद्धि से राजस्व में वृद्धि के प्रयास है।

### पर्यावरणीय बिंदु

वायु गुणवत्ता सुधार लाने, जल वायु और ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने सरकारी निधि और मनपा निधि से विभिन्न उपाय किए जाएंगे। इलेक्ट्रिक बसों के लिए 4 करोड़ रुपए, एलईडी लाइटों के प्रतिस्थापन के लिए 3.5 करोड़ रुपए, पार्कों नर्सरियों के लिए 6.5 करोड़ रुपए, सीवेज लाइन की मरम्मत के लिए 5 करोड़ का प्रावधान किया है।

### अन्य महत्वपूर्ण प्रावधान और आवंटित धनराशि

1. महिला एवं बाल कल्याण 10.76 करोड़ रुपए
2. नवीन प्रशासनिक भवन निर्माण हेतु 2 करोड़ रुपए
3. महापौर एवं आयुक्त आवास हेतु 2.5 करोड़
4. नए टाऊन हॉल का निर्माण
5. मराठी भवन, वाल्मीकि भवन 2 करोड़ रुपए
6. उल्हास नदी का सौंदर्यकरण
7. स्कूलों का आधुनिकीकरण 6.5 करोड़ रुपए
8. मनपा के भवनों पर सौर पैनल की स्थापना 1 करोड़ रुपए
9. महिलाओं के लिए शौचालय 2 करोड़ रुपए
10. हमारा क्लिनिक की स्थापना जिनकी संख्या 15 होगी
11. परिवहन विभाग के लिए 34.72 करोड़ रुपए
12. स्मार्ट सड़क 7 करोड़ रुपए
13. स्मार्ट पार्किंग 2 करोड़ रुपए
14. दिव्यांग भवन 2 करोड़ रुपए
15. स्मार्ट हेल्थ सेंटर 2 करोड़ रुपए

# स्व. इंदिरा गांधी की स्मृति में महिलाओं को मुफ्त साड़ी वितरण

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई , महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस सेवादल के कार्याध्यक्ष राकेश शेट्टी की संस्था राकेश शेट्टी फाउंडेशन की तरफ से पुर्व प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी किस्मृति में महिलाओं को मुफ्त साड़ी वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में मुंबई कांग्रेस के उपाध्यक्ष बी.के.तिवारी, गोविंद सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ.आर आर.सिंह, डॉ.बाबूलाल सिंह, सचिव किशोर मुंडेकल, प्रवक्ता भरत सोनी, जिला कार्याध्यक्ष उत्तम गीते, महिला अध्यक्ष लाजवंती शेट्टी, कैलाश पाटील उपस्थित रहे। इस अवसर पर करीब 500 महिलाओं को अतिथियों के हाथों साड़ियां वितरण की गई। कार्यक्रम में ब्लाक अध्यक्ष अरविंद यादव, के.करूणानिधि, राजन उटवाल, डॉ.आर.एम.पाल, मोहन लाल राज, शरीफ खान, बाबूराम चौधरी, रविन्द्र अग्रवाल उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में संतोष सिंह, अल्का सावला, भगवान किशोर तिवारी, कमला प्रसाद यादव, निक्सन अब्दुल जब्बार का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# अंबरनाथ मस्जिद ट्रस्ट ने मंगलवार को गैबन शाह वली दरगाह परिसर में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया।

## प्रमुख अतिथियों में तहसीलदार अमित पुरी और धर्मगुरु गुरुवर्य अब्दुल भाई बाबाजी उपस्थित रहे।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ. माह-ए-रमजान के मुकद्दस मौके पर मंगलवार 25 मार्च को अंबरनाथ मस्जिद ट्रस्ट के जानिब से गैबन शाह वली दरगाह कैंपस में रोजा इफ्तार पार्टी का एहतमाम किया गया। इस रोजा इफ्तार पार्टी में अंबरनाथ शहर के सैंकड़ों मुस्लिम भाइयों ने रोजा इफ्तार में शामिल होकर अपना रोजा खोला और मगरिब की नमाज अदा करके अपने मुल्क-ए-हिंदुस्तान की तरक्की और अमन के लिए अल्लाह की बारगाह में दुआ की। अंबरनाथ मस्जिद ट्रस्ट अंबरनाथ में सांप्रदायिक सौहार्द और हिंदू मुस्लिम एकता के लिए समय समय पर कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है।अंबरनाथ मस्जिद ट्रस्ट के रोजा इफ्तार पार्टी में विशिष्ट अतिथियों के तौर पर अंबरनाथ के तहसीलदार अमित पुरी, धर्मगुरु गुरुवर्य अब्दुल भाई बाबाजी, उल्हासनगर कब्रिस्तान कमेटी के अध्यक्ष गफ्फार शेख, उल्हासनगर के समाजसेवी साबिर भाई शेख आदि उपस्थित रहे। रोजा इफ्तार पार्टी को कामयाब बनाने में अंबरनाथ मस्जिद ट्रस्ट के सदर और अराकीन ट्रस्टियों के साथ सहयोगी सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।



# नदी से एक बच्चे का शव बरामद, दो की तलाश

## शाहजहांपुर में मां बोली– बेटे का का रोजा था, पार्क जाने का बताकर नदी में गया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, गर्रा नदी से एसडीआरएफ और पीएसी की टीम ने एक बच्चे का शव बरामद किया है। दो अन्य बच्चों की तलाश जारी है। मोहल्ला मामूड़ी के 10 वर्षीय शाहरूख अपने दोस्त शोएब और इखलाक के साथ सोमवार को नदी में नहाने गए थे। तीनों बच्चे एक-एक कर नदी में डूब गए। शाहरूख की मां नन्ही ने बताया कि उनका बेटा पिछले 4-5 दिनों से नहाने जाता था। वह घर आकर पार्क जाने की बात कहता था।



सोमवार को नहाने जाने से पहले उन्होंने बच्चे को पार्क न जाने की चेतावनी दी थी। शाहरूख पांच भाई-बहनों में सबसे छोटा था। उसके भाई जीशान ने घर आकर डूबने की सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मंगलवार सुबह एसडीआरएफ और पीएसी की रेस्क्यू टीम ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद शाहरूख का शव बरामद किया। परिजन रात भर नदी किनारे चादर बिछाकर बच्चों का इंतजार करते रहे। शव मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने परिजनों से मिलकर सांत्वना दी।

# ईद और रामनवमी को लेकर पीस कमेटी की बैठक



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, मीरानपुर कटरा थाना परिसर में एसडीएम जीत सिंह राय और सीओ ज्योति यादव की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। अधिकारियों ने त्योहारों पर नई परंपरा शुरू करने की कोशिश करने वालों को सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। एसडीएम और सीओ ने कहा कि ईद और रामनवमी प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हैं।

उन्होंने सभी से मिलजुलकर त्योहार मनाने की अपील की। खुरापाती तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भी आश्वासन दिया। बैठक में नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी को साफ-सफाई और जलापूर्ति व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। बिजली के झूलते तारों की समस्या पर जेई मुनेंद्र पाल सिंह यादव ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया। पीस कमेटी की बैठक में प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल, ग्राम प्रधान और सभासद समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। अधिकारियों ने आम जनता से पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त )
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# वेनेजुएला से तेल खरीदने वालों पर 25% टैरिफ लगाएंगे ट्रम्प

## भारत भी ऐसे देशों में शामिल, 90% तेल रिलायंस खरीदती है

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वेनेजुएला से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ का ऐलान किया है। यह टैरिफ 2 अप्रैल से लागू होगा। ट्रम्प के मुताबिक इसका मकसद वेनेजुएला को सजा देना है। ट्रम्प ने कहा कि वेनेजुएला जानबूझकर और धोखे से अमेरिका में अपराधियों और हिंसक गैंग के सदस्यों को भेजता है, जिनमें ट्रेन डी अरागुआ जैसे आतंकी संगठन भी हैं। हम इन अपराधियों को वापस भेजेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति के इस फैसले से भारत की रिलायंस जैसी कुछ कंपनियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। भारत, वेनेजुएला से जितना तेल आयात करती है, उसका लगभग 90% तेल रिलायंस खरीदती है। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक दिसंबर 2023 में भारत ने वेनेजुएला से प्रतिदिन लगभग 1,91,600 बैरल कच्चा तेल आयात किया था। जनवरी 2024 में



यह बढ़कर 2,54,000 बैरल प्रतिदिन हो गया था। यह वेनेजुएला के कुल तेल निर्यात का 50% था, यानी कि वेनेजुएला ने जितना तेल बेचा था, उसका आधा हिस्सा भारत ने खरीदा था। हालांकि, बाद में इसमें कमी आई। सालभर में भारत ने वेनेजुएला से 22 मिलियन बैरल तेल खरीदा। यह भारत के कुल कच्चे तेल आयात का 1.5% था। साल 2025 में भारत ने पड़ोसी देश से पिछले साल की तुलना में कम तेल खरीदा है। केप्लर के कमोडिटी मार्केट एनालिटिक्स के आंकड़ों के अनुसार, भारत ने जनवरी 2025 में लगभग 65,000 बैरल प्रति दिन और फरवरी 2025 में 93,000 बैरल प्रति दिन वेनेजुएला के कच्चे तेल का आयात किया। भारत अपनी तेल जरूरतों का 85% से अधिक आयात करता है। वेनेजुएला का तेल भारत को अपेक्षाकृत सस्ता मिलता है, क्योंकि यह भारी कच्चा तेल है, जिसे भारतीय रिफाइनरीज आसानी से प्रोसेस कर सकती हैं। यह रूस और मिडिल ईस्ट के तेल की तुलना में रियायती दरों पर उपलब्ध होता है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि ट्रम्प के फैसले से कुछ भारतीय कंपनियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। भारतीय रिफाइनरियों ने हाल ही में वेनेजुएला से तेल खरीदना शुरू किया था। वर्ष 2024 में भारत ने वेनेजुएला से 2.2 करोड़ बैरल तेल आयात किया। हालांकि, भारत के कुल तेल आयात का यह महज 1.5% ही है। भारतीय कंपनियां रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) वेनेजुएला से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल खरीदती हैं। रिलायंस को जुलाई 2024 में अमेरिका से वेनेजुएला से तेल आयात करने की मंजूरी मिली थी। वॉशिंगटन ने इसके लिए लाइसेंस जारी किया था। केप्लर के डेटा के मुताबिक, साल 2024 में भारत ने वेनेजुएला से जितना तेल खरीदा उसमें से रिलायंस की हिस्सेदारी करीब 20 मिलियन बैरल थी। यह भारत के कुल वेनेजुएला तेल आयात का लगभग 90% है। चीन, वेनेजुएला के तेल निर्यात का सबसे बड़ा आयातक है। यह देश चीन का 10 अरब डॉलर से अधिक का कर्जदार है, जिसे वह तेल के बदले चुकाता है। साल 2024 में चीन ने हर दिन औसतन 3,51,000 बैरल प्रतिदिन तेल खरीदा। यह वेनेजुएला के कुल तेल निर्यात का लगभग आधा था। हालांकि, यह 2023 की तुलना में 18% कम था। तब चीन ने औसतन 4,28,000 बैरल प्रतिदिन वेनेजुएला से तेल खरीदा था।

# ट्रम्प के मंत्री से हूतियों पर अटैक का प्लान लीक

## हमले से 2 घंटे पहले सीक्रेट चैटग्रुप में भेजा; इसमें एक पत्रकार भी जुड़ा था

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के मंत्री पीट हेगसेथ ने 15 मार्च को यमन में हूती विद्रोहियों पर अमेरिकी हमले के प्लान को लीक कर दिया था। हेगसेथ ने प्लान को सिग्नल एप पर एक सीक्रेट ग्रुप चैट में शेयर किया था। इस ग्रुप में द अटलांटिक मैगजीन के मुख्य संपादक जैफ्री गोल्डबर्ग भी जुड़े हुए थे। व्हाइट हाउस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। जेफ्री गोल्डबर्ग ने बताया कि उन्हें गलती से इस ग्रुप चैट में जोड़ दिया गया था। यह ग्रुप सिक्योर मैसेजिंग ऐप सिग्नल पर बनाया गया था। जिसे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइकल वाल्ट्ज ने बनाया था। इस ग्रुप में



अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रूबियो भी शामिल थे। गोल्डबर्ग ने लिखा कि 15 मार्च को सुबह 11:44 बजे हेगसेथ ने यमन पर होने वाले हमलों की जानकारी शेयर की थी। इसमें टारगेट्स और इस्तेमाल किए जाने वाले हथियारों के अलावा कौन-सा हमला कब और कहां किया जाना है, इसकी जानकारी भी थी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से जब इस रिपोर्ट के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि मुझे इसके बारे में कुछ नहीं पता है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक रक्षा विभाग पेंटागन ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और इसे राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एनएससी) के पास भेज दिया। एनएससी के प्रवक्ता ब्रायन ह्यूजेस ने कहा कि हम इसकी जांच कर रहे हैं कि ग्रुप में कैसे एक गलत नंबर से जोड़ दिया गया। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता टेमी ब्रूस ने मामले पर किसी भी तरह की टिप्पणी करने से इनकार दिया है। एनवाईटी से बात करते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा के पूर्व अधिकारियों ने कहा कि अगर इस ग्रुप चैट में निजी मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया गया था, तो यह और भी गंभीर मामला बन सकता है क्योंकि चीन लगातार अमेरिकी साइबर नेटवर्क को हैक करने की कोशिश कर रहा है।

अमेरिका पिछले कई दिनों से यमन में हूती विद्रोहियों पर हमले कर रहा है। दरअसल, हूती विद्रोही इजराइल-हमास जंग के बाद से लाल सागर में जहाजों अमेरिकी-यूरोपीय जहाजों पर मिसाइल और ड्रोन हमले कर रहे हैं। अमेरिका और ब्रिटेन ने कई बार हूती विद्रोहियों को चेतावनी दी, लेकिन उनके हमले जारी रहे।

# अमेरिका में गोल्ड कार्ड की जबरदस्त डिमांड

## एक दिन में 44 हजार करोड़ के बिके, ट्रम्प का प्रोग्राम लॉन्च से पहले ही हिट

एजेंसी

वॉशिंगटन, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का गोल्ड कार्ड वीजा प्रोग्राम आधिकारिक तौर पर लॉन्च होने से पहले ही सुपर हिट हो चुका है। अमेरिका के कॉमर्शियल सेक्रेटरी हॉवर्ड लुटनिक ने सोमवार को दावा किया कि उन्होंने एक दिन में ही 1000 गोल्ड कार्ड बेच दिए हैं। एक गोल्ड कार्ड की कीमत 5 मिलियन डॉलर (44 करोड़ भारतीय रुपए) है। यानी कि एक दिन में ही 44 हजार करोड़ रुपए के गोल्ड कार्ड बेच दिए गए हैं। हॉवर्ड ने कहा कि लोग गोल्ड कार्ड लेने के लिए लाइन में लगे हुए हैं। हालांकि, यह प्रोग्राम आधिकारिक तौर पर करीब दो हफ्ते बाद शुरू होगा। इलॉन मस्क अभी इसके लिए सॉफ्टवेयर बना रहे हैं। ट्रम्प सरकार 10 लाख गोल्ड कार्ड का टारगेट लेकर चल रही है। प्रशासन का मानना है कि यह ज्यादा मुश्किल नहीं है, क्योंकि दुनिया में 3.7 करोड़ लोग ऐसे हैं जो इसे खरीद सकते हैं। अमेरिकी सरकार इस प्रोग्राम से जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल देश के कर्ज को कम करने के लिए करेगी। हॉवर्ड लुटनिक ने कहा कि गोल्ड कार्ड खरीदने वालों को अमेरिका में अनिश्चित काल तक रहने का अधिकार मिलेगा। कार्ड खरीदने वालों की जांच भी जाएगी, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वो कानून




पालन करने वाले लोग हैं या नहीं। कार्ड खरीदने वाले अगर अवैध कामों में शामिल हैं तो अमेरिका इस कार्ड को हमेशा के लिए रद्द कर सकता है। उन्होंने कहा कि अगर मैं अमेरिकी नहीं होता तो 6 गोल्ड कार्ड खरीदता- एक मेरे लिए, एक मेरी पत्नी के लिए और चार मेरे बच्चों के लिए। ग्रीन कार्ड के जैसे स्पेशल राइट भी मिलेगा ट्रम्प का कहना है कि गोल्ड वीजा कार्ड नागरिकों को ग्रीन कार्ड जैसा स्पेशल राइट देगा। इस नए वीजा प्रोग्राम से देश में निवेश बढ़ेगा, इसके साथ ही ईबी-5 से जुड़ी धोखाधड़ी रुकेगी और नौकरशाही पर लगाम लगेगी। ट्रम्प ने गोल्ड कार्ड को ईबी-5 वीजा प्रोग्राम का विकल्प बताया और कहा कि भविष्य में 10 लाख गोल्ड कार्ड बेचे जाएंगे। फिलहाल अमेरिकी नागरिकता के लिए ईबी-5 वीजा प्रोग्राम सबसे आसान रास्ता है। इसके लिए लोगों को 1 मिलियन डॉलर (करीब 8.75 करोड़ रुपए) देने होते हैं। 35 साल पुरानी व्यवस्था बदलेंगे ट्रम्प अमेरिका में स्थायी तौर पर रहने के लिए ग्रीन कार्ड की जरूरत होती है। इसके लिए ईबी-1, ईबी-2, ईबी-3, ईबी-4 वीजा प्रोग्राम हैं, लेकिन ईबी-5 वीजा प्रोग्राम सबसे ज्यादा बेहतर है। यह 1990 से लागू है।

इसमें शख्स किसी रोजगार देने वाले नियोक्ता से नहीं बंधे होते हैं और अमेरिका में कहीं भी रहकर काम या फिर पढ़ाई कर सकते हैं। इसे हासिल करने में 4 से 6 महीने लगते हैं। ईबी-4 वीजा प्रोग्राम का मकसद विदेशी निवेश हासिल करना है। इसमें लोगों को किसी ऐसे बिजनेस में 1 मिलियन डॉलर का निवेश करना होता है, जो कम से कम 10 नौकरियां पैदा करता हो।

# गाजा जंग पर फिल्म बनाने वाले डायरेक्टर लापता

## ऑस्कर विजेता हमदन को पीटा गया, फिर इजराइली सेना ने अगवा कर लिया

एजेंसी

गाजा, ऑस्कर अवॉर्ड जीतने वाले फिलिस्तीनी फिल्म डायरेक्टर हमदन बल्लाल को इजराइली सेना ने बंधक बना लिया है। उनके को-डायरेक्टर युवल अब्राहम ने एक्स पर इसकी जानकारी दी। युवल ने बताया कि कुछ इजराइली लोगों ने वेस्ट बैंक इलाके में हमदन को उनके घर के पास बुरी तरह मारा। उन्हें सिर और पेट में गहरी चोटें आईं। युवल ने कहा कि जब हमदन ने खुद को अस्पताल में भर्ती कराने के लिए एंबुलेंस



बुलाई तो इजराइली सैनिकों ने एंबुलेंस रोकी और हमदन को अगवा कर लिया। इसके बाद से हमदन की कोई जानकारी नहीं है। हमदन और युवल ने मिलकर नो अदर लैंड फिल्म बनाई है, जिसने इस साल ऑस्कर में बेस्ट डॉक्यूमेंट्री का अवॉर्ड जीता था। यह फिल्म जंग के दौरान एक फिलिस्तीनी कार्यकर्ता बासेल अद्र और युवल के बीच पनपी दोस्ती और संघर्ष को दिखाती है। सेंटर फॉर जूइश नॉन-वॉयलेंस नाम की एक एक्टिविस्ट संस्था ने एक वीडियो जारी किया है। इसमें दिख रहा है कि रात के समय एक मैदान में मास्क पहने हुए कुछ लोग एक कार पर पत्थर फेंक रहे हैं। इस दौरान वहां मौजूद संस्था के सदस्य अपनी कार के अंदर छिपने की कोशिश करते हैं और अपने बाकी साथियों को आवाज लगाकर कहते हैं- कार के अंदर आओ। इस समूह के सदस्यों ने बताया कि पत्थर फेंके जाने से कार की खिड़की टूट गई। युवल अब्राहम ने बताया कि हमदन को इजराइली सेटलमेंट के एक पुलिस स्टेशन में रखा गया है। किसी को उनसे मिलने या बात करने की इजाजत नहीं दी गई है। यहां तक कि उनके वकील भी उनसे बात नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में हमें नहीं पता कि वे इस समय कैसे हैं। सीएनएन के हवाले से फिलिस्तीनी कार्यकर्ता बासेल अद्र ने सोशल मीडिया पर लिखा, बल्लाल के घर के बाहर इजराइल में बसने वालों का एक समूह था, जिनमें से कुछ पत्थर फेंक रहे थे।

# 'चीन के पास डीपसीक, अमेरिका के पास चैट-जीपीटी', राघव चड्ढा का सवाल, एआई के युग में कहां खड़ा है भारत?



एजेंसी

आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद राघव चड्ढा ने मंगलवार को संसद में कहा कि भारत को वैश्विक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की दौड़ में अपनी स्थिति मजबूत करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र के मेक इन इंडिया को अब मेक एआई इन इंडिया में बदलना चाहिए। राज्यसभा में बोलते हुए, चड्ढा ने कहा कि अमेरिका और चीन ने एआई में बड़ी प्रगति की है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के पास चैटजीपीटी, जेमिनी, एंथ्रोपिक और ग्रोक हैं, जबकि चीन के पास डीपसीक है - एक एआई मॉडल जिसमें सबसे अधिक क्षमता और सबसे कम उत्पादन लागत है। लेकिन इस एआई युग में भारत कहां खड़ा है? क्या भारत पीछे रह गया है? चड्ढा के सवाल के बाद राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने विश्वास जताया कि विश्व गुरू तो भारत ही होगा। आप नेता ने कहा कि 2010 से 2022 के बीच, दुनिया के 60% एआई पेटेंट अमेरिका के पास थे, चीन ने 20% हासिल किए, जबकि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद चीन के आधे हिस्से के साथ पीछे रह गया। उन्होंने कहा, ₹यह सच है कि

**चड्ढा के सवाल के बाद राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने विश्वास जताया कि विश्व गुरू तो भारत ही होगा। आप नेता ने कहा कि 2010 से 2022 के बीच, दुनिया के 60% एआई पेटेंट अमेरिका के पास थे, चीन ने 20% हासिल किए, जबकि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद चीन के आधे हिस्से के साथ पीछे रह गया।**

अमेरिका और चीन को एआई में चार से पांच साल की बढ़त है। लेकिन ऐसा इसलिए है क्योंकि उन्होंने शोध, शिक्षा और एआई विकास में निवेश किया है।₹ चड्ढा ने भारत के मजबूत प्रतिभा पूल पर भी प्रकाश डाला और कहा कि वैश्विक एआई कार्यबल में भारतीयों की हिस्सेदारी 15% है, जिसमें लगभग 4.5 लाख भारतीय एआई पेशेवर विदेशों में काम कर रहे हैं। आप सदस्य ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे बड़ी पांचवी अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और चीन ने पिछले चार पांच साल में एआई पर खासी रिसर्च की और उसमें निवेश तथा प्रयोग किए। उन्होंने कहा कि कुल एआई कार्य बल का 15 फीसदी हिस्सा भारतीय हैं। भारत के पास प्रतिभा है, मेहनती लोग हैं, ब्रेन पॉवर है, डिजिटल अर्थव्यवस्था है, हमारे यहां 90 करोड़ से अधिक इंटरनेट उपभोक्ता हैं।

# 15-20 साल तक किसी का नंबर नहीं लगने वाला

## राज्यसभा में अमित शाह ने विपक्ष पर कसा तंज

**शाह ने कहा कि 2005 में पहली बार आपदा प्रबंधन अधिनियम लागू किया गया था। इसके तहत एनडीएमए, एसडीएमए और डीडीएमए का गठन किया गया। अब चिंता जताई जा रही है कि सत्ता का केंद्रीकरण हो जाएगा।**

एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2024 पर राज्यसभा में चर्चा का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि कुछ सदस्यों ने सवाल उठाया कि संशोधन की क्या जरूरत है। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि अगर समय रहते किसी इमारत की मरम्मत नहीं की जाती है तो वह गिर जाती है। विपक्ष पर तंज सकते हुए शाह ने कहा कि उन्हें लगता है कि शायद वे आकर इसे बदल देंगे लेकिन अगले 15-20 साल तक किसी की बारी नहीं आएगी। जो करना है, हमें करना है।



उच्च सदन में शाह ने आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि इसमें सत्ता के केंद्रीयकरण का कोई प्रश्न ही नहीं उठता है. उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन के बारे में इस विधेयक में न केवल प्रतिक्रियात्मक रवैया अपनाने बल्कि पहले से तैयारी करने, अभिनव प्रयासों वाले और सभी की भागीदारी वाले रवैये को अपनाने पर जोर दिया गया है.उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपदा के जोखिमों को घटाने के लिए विश्व के समक्ष जो 10 सूत्री एजेंडा रखा है, उसे 40 देशों ने अपना लिया है और उसका पालन कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि विधयक में न केवल राज्य सरकारों बल्कि आम लोगों की भागीदारी का प्रावधान किया गया है.शाह ने कहा, पिछले दस सालों में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में जो परिवर्तन आया है, हम राष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ क्षेत्रीय एवं वैश्विक ताकत बनकर उभरे हैं, यह पूरी दुनिया स्वीकार करती है. भारत की सफलता गाथा को लंबे समय तक बनाये रखने के लिए यह विधेयक लाया गया है. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह सफलता गाथा सरकार की नहीं पूरे देश की है.शाह ने कहा कि आपदा प्रबंधन की लड़ाई संस्थाओं को अधिकार संपन्न बनाने के साथ-साथ जवाबदेह बनाये बिना नहीं लड़ी जा सकती है. उन्होंने कहा कि विधेयक में इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है.उन्होंने कहा कि आपदा का सीधा रिश्ता जलवायु परिवर्तन से है. उन्होंने कहा कि आपदा रोकने के लिए आवश्यक है कि जलवायु परिवर्तन पर नजर रखी जाए और ग्लोबल वार्मिंग को रोका जाए. उन्होंने वेदों का जिक्र किया और कहा कि इसमें न केवल पृथ्वी बल्कि अंतरिक्ष तक को बचाने की बात कही गयी है.

## किसी भी धार्मिक स्वतंत्रता को नहीं छीना जा रहा, गुमराह कर रहे ओवैसी

वक्फ संशोधन विधेयक जेपीसी के अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद जगदम्बिका पाल ने मंगलवार को कहा कि सरकार व्यापक हित के लिए वक्फ बोर्ड में संशोधन कर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस कानून के जरिए किसी भी धार्मिक स्वतंत्रता को नहीं छीना जाएगा। एएनआई से बात करते हुए पाल ने आरोप लगाया कि एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी देश को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

## जस्टिस यशवंत के घर पहुंची जांच टीम, कैश मामले की हो रही जांच

एजेंसी

चीफ जस्टिस की ओर से गठित इंटरनल कमेटी जस्टिस यशवंत के घर पर जांच के लिए पहुंची। करीब 45 मिनट तक टीम जस्टिस वर्मा के आवास पर रही। हालांकि इस बात की जानकारी नहीं मिल पाई है कि जांच टीम की जस्टिस यशवंत से कोई बातचीत हुई या नहीं। 3 सदस्यी जांच कमेटी में कर्नाटक हाई कोर्ट के जज भी शामिल हैं। कैश मामले की जांच के लिए जांच कमेटी की टीम जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर पहुंची थी।

**पशिचम रेलवे**

**विद्युत कार्य**

वरिष्ठ डीईई/पी/बीसीटी, पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, **निविदा सूचना संख्या:** ईएल-मेंट-81-808-डब्लूए-21, **दिनांक** 21.03.2025 को आमंत्रित करता है। **कार्य और स्थान:** मुंबई डिवीजन उपनगरीय खंड: 2 वर्षों के लिए विद्युत संपत्तियों की छोटी-मोटी मरम्मत और रीकंडीशनिंग। **कार्य की अनुमानित लागत:** 2,79,77,002/-। **ईएमडी:** 2,89,900/-। **जमा करने की तिथि और समय:** 21.04.2025, को 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समय:** 21.04.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं 1228

हमें लाइक करें:facebook.com/WesternRly

**पशिचम रेलवे द्वारा 3 जोड़ी विशेष ट्रेनों के फेरों का विस्तार**

| ट्रेन नं. | से | को | दौड़ का दिन | विस्तारित तक |
|---|---|---|---|---|
| 09207 | बांद्रा टर्मिनस | भावनगर टर्मिनस | शुक्रवार | 27.06.2025 |
| 09208 | भावनगर टर्मिनस | बांद्रा टर्मिनस | गुरुवार | 26.06.2025 |
| 09415 | बांद्रा टर्मिनस | गांधीधाम | गुरुवार | 26.06.2025 |
| 09416 | गांधीधाम | बांद्रा टर्मिनस | गुरुवार | 26.06.2025 |
| 09055 | बांद्रा टर्मिनस | उधना | सप्ताह में 5 दिन | 30.06.2025 |
| 09056 | उधना | बांद्रा टर्मिनस | सप्ताह में 5 दिन | 30.06.2025 |

ठहरावों और संयोजन के समय के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं।

ट्रेन संख्या 09207, 09208, 09415, 09416, 09055 और 09056 की बुकिंग 27.03.2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और IRCTC वेबसाइट पर शुरू होगी। उपरोक्त ट्रेनें विशेष ट्रेन के रूप में विशेष किराए पर चलेंगी।

पशिचम रेलवे
www.wr.indianrailways.gov.in
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ रखें

**महानगरपालिका ग्रेटर मुंबई**

**रुचि की अभिव्यक्ति का विज्ञापन**

विषय: लोक स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत ई वार्ड सर्विलांस विभाग में स्वैच्छिक संगठन के माध्यम से संविदा आधार पर 'डी' श्रेणी में बहुउद्देश्यीय कार्यकर्ताओं की भर्ती के संबंध में।

लोक स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत ई वार्ड सर्विलांस विभाग में स्वैच्छिक संगठनों (बचत समूहों को छोड़कर) के माध्यम से संविदा आधार पर 'डी' श्रेणी के रिक्त पदों को भरा जा रहा है। इच्छुक संगठन, जैसे भविष्य निधि राज्य और कर्मचारी बीमा योजना में पंजीकृत श्रमिक सहकारी समितियां,सेवा सहकारी समितियां, बेरोजगार सेवा सहकारी समितियां, गैर-सरकारी संगठन (इन सभी संगठनों की स्थापना का उद्देश्य अपने सदस्यों को रोजगार प्रदान करना होना चाहिए), आदि। हम संगठनों से उनकी पात्रता की सूची तैयार करने और लॉटरी द्वारा उनका चयन करने के लिए आवेदन आमंत्रित कर रहे हैं।

ई वार्ड सर्विलांस विभाग में लोक स्वास्थ्य लेखा कार्यालय में आवेदन पत्र 26/3125 से 29/3125 समय 10:30 बजे तक उपलब्ध है।

इच्छुक संगठनों को अधिक जानकारी, आवेदन पत्र और शपथ पत्र के नमूने के लिए ई वार्ड निगरानी विभाग सार्वजनिक स्वास्थ्य लेखा कार्यालय से संपर्क करना चाहिए।

संगठन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 29/3/25 है। समय 300। निर्धारित कार्यालय समय के बाद प्रस्तुत किए गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

**सहायक स्वास्थ्य अधिकारी,**
**(निगरानी विभाग)**

पीआरओ/2928/विज्ञा0/2024–25

## संक्षेप

### कुत्ते के विवाद में युवक पर कार चढ़ाने का मामला

**बांदा में दबंगों की धमकी से परेशान दंपति ने वीडियो बनाकर सीएम से मांगा न्याय**

बांदा, स्वराज कॉलोनी में होली के दौरान कुत्ते के विवाद में एक युवक पर दबंगों ने कार चढ़ा दी थी। गंभीर रूप से घायल युवक को कानपुर के अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद घर लौटे युवक और उसके परिवार को दबंग लगातार जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। पीड़ित दंपति ने रोते हुए एक वीडियो बनाया है, जिसे सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। वीडियो में उन्होंने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद आरोपी दबंगों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पीड़ित परिवार पिछले 10 दिनों से जिला प्रशासन के चक्कर काट रहा है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस बीच दबंग खुलेआम धमकियां दे रहे हैं, जिससे परिवार भयभीत है।

### दहेज हत्या के मामले में 10 साल की कैद

**बांदा में कोर्ट ने सुनाई सजा, 6000 रुपये जुर्माना भी**

बांदा, उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में दहेज हत्या के एक मामले में न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाया है। यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के 'ऑपरेशन कन्विक्शन' अभियान के तहत की गई है। मामला 2020 का है, जब नरैनी थाना क्षेत्र में एक महिला की दहेज के लिए हत्या कर दी गई थी। मृतका के पिता राजू पाण्डेय ने 9 अक्टूबर 2020 को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी कल्पना की शादी बरुआ स्योढ़ा गांव में हुई थी। ससुराल वालों ने दहेज की मांग को लेकर उनकी बेटी को प्रताड़ित किया और उसकी हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में मामले की जांच तत्कालीन क्षेत्राधिकारी नरैनी सियाराम ने की। विवेचना के बाद 8 नवंबर 2020 को आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। लोक अभियोजक देवदत्त मिश्रा की प्रभावी पैरवी और कोर्ट कर्मचारियों के प्रयासों से न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाया न्यायालय ने आरोपी को 10 साल के साधारण कारावास की सजा सुनाई।

### दुकान की छत पर मिला भिखारी का शव

**10 दिन पुराना लग रहा शव, आसपास दुर्गंध फैलने पर हुई जानकारी**

अमरोहा, नगर कोतवाली क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। टीपी नगर चौराहे के पास एक दुकान की छत पर एक भिखारी का शव मिला है। शव से फैल रही दुर्गंध के कारण आसपास के लोगों को इसकी जानकारी मिली। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। टीपी नगर चौकी प्रभारी संदीप मलिक ने बताया कि शव करीब 10 दिन पुराना है। मृतक की उम्र 45 से 50 वर्ष के बीच आंकी गई है। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

# यूपी सरकार के आठ साल, बेमिसाल- स्वतंत्रदेव

## प्रयागराज पहुंचे प्रदेश सरकार के मंत्री ने सरकार की गिनाई उपलब्धियां

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रयागराज, प्रदेश सरकार की भाजपा सरकार अपने आठ साल पूरे होने पर सरकार की उपलब्धियां जनता तक पहुंचाने में जुट गई है। प्रयागराज पहुंचे जिले के प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने प्रेसवार्ता करके प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने महाकुंभ में सरकार की तरफ से कराए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी। बताया कि भाजपा सरकार ने प्रयागराज जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से प्रदेश के 1178323 किसानों को लाभान्वित व 2434.41 करोड़ की धनराशि का वितरण किया। इसके साथ ही किसान ऋणमोचन योजना से 57810 कृषकों को लाभान्वित व 250.13 करोड़ की धनराशि का वितरण किया। प्रेसवार्ता के दौरान मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि सरकार की तरफ से जिले में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत अब तक 7854 जोड़ों को लाभ मिल चुका है। इसके अलावा सीएम कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत 67679 बेटियों को लाभान्वित किया जा चुका है। साथ ही प्रदेश में 263705 लोगों को वृद्धावस्था पेंशन योजन का लाभ दिया गया है। निराश्रित महिला पेंशन योजना में 89634 महिला लाभांवित हो चुकी हैं। पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना में 122866 छात्रों को 27 करोड़ रुपये से अधिक का वितरण किया गया है। दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत 718120 छात्रों को लाभ दिया गया है। छात्रों के हितों में अन्य कई योजनाओं का लाभ भी दिया जा चुका है। प्रदेश सरकार की तरफ से पिछले आठ सालों में प्रयागराज में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना में प्रदेश में कुल चार लाख से अधिक शोचालयों का निर्माण कराया जा चुका है। इसके साथ ही 1534 सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया गया है। ग्राम पंचायतों की बात करें तो प्रदेश में कुल 663 पंचायत भवन निर्माण का कार्य कराया गया है। इसके साथ ही प्रतिमाह 4416401 लाभार्थियों को निशुल्क खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है।

उज्जवला गैस कनेक्शन से अब तक 584421 लोग लाभान्वित हो चुके हैं। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अन्तर्गत 52714 लाभार्थियों को लाभ दिया गया है। दिव्यांग पेंशन योजना में अब तक 28366 लोग लाभ पा चुके हैं। आयुष्मान भारत योजना में कुल 1364416 लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड दिया जा चुका है।

# नगर निगम में होली मिलन में बरसे फूल

## महापौर ने अधिकारियों और कर्मचारियों संग खेली होली, सामाजिक समरसता का संदेश दिया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, नगर निगम कर्मचारी एसोसिएशन की तरफ से सोमवार की शाम होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जहां दिन भर आफिस का कार्य पूरा करने के बाद कर्मचारियों, अधिकारियों के संग महापौर ने जमकर फूलों की होली खेली। होली मिलन समारोह में विभिन्न वार्डों के पार्षदगण भी मौजूद रहे।

नगर निगम के होली मिलन कार्यक्रम में कर्मचारियों और पार्षदों को संबोधित करते हुए महापौर गणेश केसरवानी ने सभी को होली पर्व की बधाई देते हुए कहा कि होली केवल रंगों और उल्लास का पर्व नहीं है, बल्कि यह समाज में प्रेम, सौहार्द और एकता का संदेश भी देती है। नगर निगम परिवार के सभी अधिकारी और कर्मचारी जिस तरह नगर के विकास कार्यों में योगदान दे रहे हैं, वह प्रशंसनीय है। उन्होंने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी। इसके पूर्व नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग ने सभी कर्मचारियों को होली की बधाई देते हुए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से समर्पण के साथ अपने कार्य करते रहने की अपील की। नगर निगम में होली मिलन समारोह के दौरान महापौर और नगर आयुक्त के संबोधन के बाद होली खेली गई। जहां फूलों के साथ ही जमकर अबीर और गुलाल बरसे। कर्मचारी एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच सामाजिक संबंधों को प्रगाढ़ करना और उनके मनोबल को बढ़ाना है। इस दौरान समारोह में अपर नगर आयुक्त दीपेंद्र यादव, अपर नगर आयुक्त अरविंद कुमार राय, विभिन्न वार्डों के पार्षदगण तथा नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिला बदर गोकश गिरफ्तार

- अवैध असलहा के साथ पकड़ा गया, पहले भी कई बार जेल जा चुका है आरोपी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, थाना बाजार शुक्ल क्षेत्र में पुलिस ने एक जिला बदर अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी तौकीर पुत्र आशिक अली के पास से 12 बोर का अवैध असलहा बरामद हुआ है। तौकीर लालगंज मजरे मखदुमपुर कला का रहने वाला है।



जिलाधिकारी के आदेश पर 21 फरवरी 2025 को उसे जिला बदर किया गया था। आरोपी का आपराधिक इतिहास लंबा है। वर्ष 2017 में उस पर पहली बार गोवध और पशु क्रूरता का मुकदमा दर्ज हुआ था। इस मामले में उसे जेल भी जाना पड़ा। 2022 में फिर गोवध के मामले में प्राथमिकी दर्ज हुई और उसे जेल भेजा गया। 2023 में गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई कर एक बार फिर जेल भेजा गया। जिला बदर होने के बावजूद वह अवैध हथियार लेकर क्षेत्र में घूम रहा था। थाना अध्यक्ष दयाशंकर मिश्र के नेतृत्व में उप निरीक्षक गुलाब सिंह, हेड कांस्टेबल जगदंबा प्रसाद, कांस्टेबल राज बहादुर और कांस्टेबल आशीष चौधरी की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया। सूत्रों के अनुसार, वह किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में था। पुलिस आरोपी के खिलाफ गुंडा एक्ट और आयुध अधिनियम के तहत कार्रवाई कर उसे न्यायालय में पेश करेगी।

# अवधी बोली के प्रचार प्रसार में जुटे प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री महाराज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अयोध्या। भारत की प्राचीन शिक्षा व्यवस्था गुरुकुल को अंग्रेजों ने सबसे पहले समाप्त किया और उसकी जगह अंग्रेजी भाषा को थोप दिया। इससे हमारी मूल भाषा, बोली का प्रभाव कम होता जा रहा है। यह कहना है ज्योतिषाचार्य अतुल शास्त्री जी का। अवध में जन्मे शास्त्री जी अपनी मूल बोली अवधी को नई पहचान दिलाने और उसके प्रचार प्रसार के लिए मेहनत कर रहे हैं। शास्त्री जी आम जनमानस को जागरूक कर रहे हैं। पंडित अतुल शास्त्री ने कहा कि हर भाषा बोली की अपनी पहचान एवं अस्मिता होती है। उनका संरक्षण किया जाना चाहिए। हिंदी को समाज एवं साहित्य में उत्कृष्ट स्थान दिलाने के लिए क्षेत्रीय बोलियों का महत्वपूर्ण योगदान है। इसलिए अवधी बोली को बढ़ावा देकर, हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित कर सकते हैं. ज्योतिष गुरु पंडित अतुल ने कहा कि मूल बोलियों के महत्व को बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष ने पहल शुरू की है। इसके तहत विधायकों को अपनी स्थानीय बोली में समस्या उठाने का मौका दिया, इसके लिए उन्हें धन्यवाद देना चाहिए। शास्त्री जी ने कहा कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है और यह सभी भाषाओं और बोलियों को एक दूसरे से जोड़ती है। अवधी भाषा भारत की सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। अवधी बोली में साहित्य और कला के कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं, रामचरितमानस आज पूरे विश्व में पढ़ा जा रहा है और ऐसा ही सभी विधा को जन जन तक पहुंचाना जरूरी है। गौरतलब है कि पंडित अतुल शास्त्री अवधी बोली के प्रचार प्रसार के लिये प्रसिद्ध कथाकार कौशलेंद्र महाराज के सानिध्य में अवध प्रान्त के साहित्य, मीडिया, कवि, खेल, यूट्यूबर सहित हर क्षेत्र की हस्तियों को एक मंच पर लाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में ममता संदीपन मिश्रा से पवन गोस्वामी सविता पेंटर लक्ष्मी वर्मा एस डी मिश्रा अनमोल पाण्डेय पीयूष पाण्डेय गुड़िया यादव सुनीता सिंह अविनाश सिंह बब्बू टाइग और बहुत लोगों से अतुल शास्त्री स्वयं मुलाकात कर रहे हैं। इसके तहत श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान अवधी बोली के प्रचार प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले लोगों का सम्मान किया जाएगा।

# रास्ते के निर्माण को लेकर विवाद



- कहासूनी के बाद दोनों पक्षों में हुई मारपीट, जांच में जुटी पुलिस

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी तहसील, संग्रामपुर थाना क्षेत्र के सरैया पसियाना गांव में रास्ते के निर्माण को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। इस घटना की वीडियो भी सामने आई है। एक पक्ष खड़ंजा (ईंटों का रास्ता) का निर्माण करा रहा था। दूसरे पक्ष ने आरोप लगाया कि यह निर्माण उनके खाते की जमीन पर किया जा रहा है। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों की महिलाएं आपस में भिड़ गईं। वीडियो में महिलाएं एक-दूसरे से बहस करती दिख रही हैं। थाना प्रभारी संदीप राय ने कहा कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। पुलिस दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर रही है। विवादित स्थल की स्थिति की भी जांच चल रही है। आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# आंगनबाड़ी कार्यकताओं का कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन

## बच्चों के चेहरा प्रमाणीकरण को लेकर डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के चेहरा प्रमाणीकरण की व्यवस्था को खत्म करने की मांग की। गुलाबी साड़ी पहने कार्यकताओं ने अंग्रेजी हटाओ और आधार प्रमाणीकरण समाप्त करने के नारे लगाए।

उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में 1 से 6 वर्ष के बच्चे, गर्भवती और धात्री महिलाएं आती हैं। अभी कई बच्चों के आधार कार्ड नहीं बने हैं। कार्यकताओं ने कहा कि चेहरा प्रमाणीकरण में एक बच्चे का 10 से 20 मिनट का समय लगता है। लाभार्थी इतने समय तक केंद्र पर नहीं रुक पाते। गर्भवती महिलाओं को राशन लेने केंद्र आना पड़ता है, जो उचित नहीं है। प्रदर्शन में मंजू शर्मा, भगवान देवी, सुनील, मिथलेश, जानकी, मंजू, प्रेमवती समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे। सभी ने डिप्टी कलेक्टर को जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा।

# बाईपास निर्माण के दौरान अवैध खनन

## तालाब की जमीन से 19 हजार घन मीटर मिट्टी निकाली, कंपनी पर केस दर्ज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी तहसील, अवैध खनन का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। अजय प्रकाश एसोसिएट्स ने बाईपास निर्माण के लिए बिना अनुमति के तालाब की जमीन से मिट्टी निकाली। जिलाधिकारी निशा अनंत के आदेश पर जांच कराई गई। खनन निरीक्षक दुष्यंत कुमार की जांच में पाया गया कि कंपनी ने माइन मित्रा पोर्टल पर आवेदन किया था।

लेकिन मंजूरी मिलने से पहले ही खनन शुरू कर दिया। जांच में सामने आया कि बरियापुर में 11,654 घन मीटर और चचकापुर में 7,800 घन मीटर मिट्टी का अवैध खनन हुआ। ग्रामीणों ने विरोध करते हुए तालाब में पंपसेट से पानी भरवा दिया। उनकी शिकायत पर प्रशासन ने कार्रवाई शुरू की। प्रशासन ने अजय प्रकाश एसोसिएट्स और उसके प्रतिनिधि अजय प्रकाश के खिलाफ दो मामले दर्ज किए हैं। पहला सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत, जिसमें 5 साल तक की सजा हो सकती है। दूसरा खान एवं खनिज अधिनियम के तहत, जिसमें 5 लाख रुपए तक का जुमार्ना लग सकता है। नरेंद्र पाठक ने कहा कि मुकदमा दर्ज हुआ, यह अच्छा कदम है। लेकिन यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि भविष्य में किसी भी तालाब की भूमि पर अवैध खनन न हो और सभी मामलों में सख्त कार्रवाई की जाए। एसडीएम आशीष सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी बृजेश सिंह के अनुसार खनन अधिकारी की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# जंगल से निकला तेंदुए का शावक :अमरोहा में किसान को खेत में दिखा ग्रामीणों ने पकड़कर वन विभाग को सौंपा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमरोहा, थाना देहात क्षेत्र के जलालपुर घना गांव में एक अजीब घटना सामने आई। एक किसान जब अपने खेत में पानी दे रहा था, तब अचानक उसके सामने तेंदुए का शावक आ गया। किसान ने घबराकर आवाज लगाई। उसकी आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए शावक को पकड़ लिया। उन्होंने तुरंत वन विभाग को इस घटना की सूचना दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने शावक को अपने कब्जे में लेकर सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। डीएफओ एसपी सिंह ने इस घटना के बाद ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है। साथ ही बताया कि जहां शावक मिला है। वहां पिंजरा लगाया जाएगा। उधर तेंदुए का शावक मिलने से ग्रामीणों में भी दहशत का माहौल है।

# खाटू श्याम की शोभायात्रा में उमड़ी भीड़

## हजारों श्रद्धालुओं ने की भक्ति, 2 किमी लंबी यात्रा में फूलों की हुई बारिश

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, जायस कस्बे में बाबा खाटू श्याम की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा हनुमान मंदिर से शुरू हुई। यह दो किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद हनुमान दल में समाप्त हुई। शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु एक समान वस्त्र पहने नजर आए। सभी श्रद्धालु बाबा खाटू श्याम का निशान और झंडा लेकर चल रहे थे। गर्मी को देखते हुए आयोजकों ने श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा। पूरे मार्ग पर कालीन बिछाई गई। साथ ही जगह-जगह भोजन और पेय पदार्थों की व्यवस्था की गई। श्रद्धालु नृत्य और भजन गाते हुए हनुमान दल तक पहुंचे। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं पर जगह-जगह फूलों की वर्षा की गई। कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने बताया कि हारे के सहारे बाबा खाटू श्याम की इस शोभायात्रा में हजारों लोगों ने भाग लिया।

# डॉक्टर बनकर किया निकाह, फिर मांगने लगा दहेज

## पीड़िता ने लगाया आरोप, बोली–जेठ कमरे में आकर करता था अश्लीलता

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अलीगढ़, सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में ससुरालियों के उत्पीड़न से होकर एक पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कराया है। उसने बताया कि उसका निकाह रेलवे क्रासिंग भमोला निवासी फराज अहमद पुत्र स्व. मुजम्मिल अहमद से हुआ था। जब निकाह हुआ तो ससुरालियो ने बताया था कि फराज एक एमबीबीएस डॉक्टर है। जिसके बाद पीड़िता के पिता जो खुद एक डॉक्टर हैं, उन्होंने उसका निकाह कराया। उन्होंने अपनी क्षमता के अनुसार दान दहेज दिया और लगभग 16 लाख रुपए खर्च किए। लेकिन निकाह के कुछ दिन बाद ही आरोपी ससुरालजन 10 लाख नकद और एक कार की मांग करने लगे। इसी बीच उसे पता चला कि उसका शौहर डॉक्टर नहीं है और उसकी डिग्री भी फर्जी है। पीड़िता ने बताया कि उसका निकाह 4 जून 2021 को हुआ था। इसके कुछ दिन बाद ही उसे पता चल गया था कि उसका शौहर डॉक्टर नहीं है। लेकिन सारी बात जानने के बाद भी वह चुप थी और अपने ससुराल में रह रही थी। लेकिन आरोपियों ने उससे दहेज के लिए मारपीट शुरू कर दी। लगातार प्रताड़ना की जानकारी होने पर उसके पिता ने आरोपी को एक इग्निस कार दिला दी। इसके साथ ही उसे बताया कि वह लोग अब रिटायर हो चुके हैं और उनके पास अब रुपए नहीं हैं। लेकिन ससुराल के लोग लगातार 10 लाख रुपए की मांग पर हटे रहे और उसे लगातार प्रताड़ित करते रहे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।। सम्पादक- खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजू कोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।